Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 165 | मंगलवार, 17 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## केरल से कश्मीर तक झमाझम बरसात



नई दिल्ली। मानसून ने अपेक्षित गति पकड़ ली है और अगले दस दिनों में पश्चिमी तट, मध्य और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आएगी। मध्य भारत में अगले 4-5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस गिरावट आने की संभावना है। कुछ दिन के ठहराव के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून पटरी पर लौट आया है। सोमवार को मानसून दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश तक पहुंच गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और गुजरात व मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों तक मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। पश्चिमी हिमालयी राज्यों में मानसून पूर्व और गुजरात से लेकर अरुणाचल प्रदेश और मुंबई से लेकर केरल तक झमाझम मानसूनी बारिश हो रही है। मुंबई के कई इलाकों में जलभराव हो गया है और रेल व हवाई सेवा भी प्रभावित हुई है।

## गुजरात और महाराष्ट्र में भारी बारिश



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में मौसम में बदलाव देखने को मिला है। दक्षिण भारत में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू है। कई जगहों पर रिकॉर्ड बारिश देखने को मिल रही है। वहीं, उत्तर भारत के कई राज्यों में अभी भी गर्मी का सितम देखने को मिल रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली समेत कई राज्यों में बारिश की संभावना है। वहीं, सोमवार को गुजरात और मुंबई में भारी बारिश देखने को मिली। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को मुंबई के कई हिस्सों में भारी बारिश का दौर देखने को मिला। बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। वहीं, नवी मुंबई के कई इलाकों में भारी बारिश से रेलवे परिसर में जलभराव देखने को मिला जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## अमित शाह का राज्यों से आपदा प्रबंधन योजनाएं बनाने का आह्वान

# बोले-हीट वेव से निपटने के लिए बने एक्शन प्लान

नई दिल्ली।



सभी राज्यों के राहत आयुक्तों से 90 दिन में अपने राज्य के हर जिले की आपदा प्रबंधन योजना बनाने का आह्वान करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि हीट वेव से निपटने के लिए एक एक्शन प्लान बने, जिसका टाइमटेबल हीट के अनुभव के आधार पर बनाया जाए।

पर्यावरण संरक्षण के बिना शत-प्रतिशत आपदा से बचना असंभव है। अगर हम पर्यावरण की चिंता नहीं करेंगे तो आपदाओं को रोक नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और एनडीएमए द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के कारण भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बन गया है। अमित शाह ने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर हमारी अप्रोच में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। पहले राहत-केंद्रित अप्रोच होती थी, लेकिन आज हमने जीरो कैजुअल्टी को सफलता के साथ प्राप्त कर लिया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा प्रतिक्रिया बलों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आने वाले समय की आपदाओं की संभावनाओं को भांपकर एडवांस में ही उसके लिए रिसर्च करना, दुनियाभर में इस क्षेत्र में मौजूद अलग-अलग विचारों को संकलित करना और अपने देश की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए देश के अनुकूल बनाकर इसे लागू करना बहुत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि जब भी भारत के डिजास्टर रिस्पांस का इतिहास लिखा जाएगा, तो मोदी सरकार के ये 10 वर्ष परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के चारों क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि हमने न सिर्फ क्षमता को बढ़ाया, बल्कि उसे संवर्धित कर तहसील तक पहुंचाने का काम किया। शाह ने कहा कि हमने गति का भी ध्यान रखा है क्योंकि समय पर आपदा से लोगों को बचाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि हमने आधुनिक तकनीक और समर्पित स्वभाव वाले अपने आपदा मोचन बल के कारण दक्षता में भी वृद्धि की है।

### बताया 10 सालों का प्लान

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा के प्रति प्रयासों को रिएक्टिव की जगह प्रोएक्टिव बनाया है और जनभागीदारी को बढ़ाया है।आने वाले 10 साल में देश का हर युवा मदद की भावना के साथ आपदाओं से लड़ने के लिए तैयार होगा।

## ईरान में फंसे प्रयागराज के 200 तीर्थयात्री और छात्र



प्रयागराज।

प्रयागराज से हर साल काफी लोग धार्मिक यात्रा (जियारत) के लिए ईरान और इराक जाते हैं। ईरान गए तीर्थयात्रियों में दरियाबाद, करेली, रानीमंडी, नैनी, दांदूपुर, सैदपुर, कोराली, राले, हंडिया, बहादुरगंज, जीरो रोड चक और हनुमानगंज आदि क्षेत्र के लोग शामिल हैं। ईरान के मदरसों में पढ़ाई कर रहे करीब 70 छात्र फंस गए हैं। ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू होने से पहले प्रयागराज से ईरान गए तकरीबन 200 तीर्थ यात्री और इस्लामिक स्टडीज के लिए ईरान के मदरसों में पढ़ाई कर रहे करीब 70 छात्र फंस गए हैं। उड़ानें रद्द होने से उनकी भारत वापसी मुश्किल हो गई है। यहां उनके परिजनों की फिक्र में नींद उड़ी हुई है।ईरान गए तीर्थयात्रियों में दरियाबाद, करेली, रानीमंडी, नैनी, दांदूपुर, सैदपुर, कोराली, राले, हंडिया, बहादुरगंज, जीरो रोड चक और हनुमानगंज आदि क्षेत्र के लोग शामिल हैं। शहर से हर साल काफी लोग धार्मिक यात्रा (जियारत) के लिए ईरान और इराक जाते हैं। दरियाबाद के डॉ. कमर आब्दी के नेतृत्व में 98 और मौलाना इंतजार आब्दी के नेतृत्व में 42 लोग तीर्थयात्रा पर ईरान गए हुए हैं।जत्थे में उनके साथ बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं।

## भारत के पास परमाणु हथियारों का जखीरा, टेंशन में आया पाकिस्तान

स्टाकहोम।




परमाणु क्षमताओं के मामले में भारत पाकिस्तान पर बढ़त बनाए हुए हैं। इंटरनेशनल सिक्यूरिटी थिंक टैंक 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीपरी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के परमाणु हथियार वर्ष 2025 में बढ़कर लगभग 180 हो गए हैं जो 2024 में 172 थे। यही नहीं भारत ने परमाणु हथियारों को प्रक्षेपित करने की उन्नत प्रणाली विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। सीपरी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की नई 'कैनिस्टराइज्ड' मिसाइलें शांतिकाल में भी संभवतः परमाणु हथियारों को ले जा सकती है। 'कैनिस्टराइज्ड' मिसाइलों में परमाणु हथियार पहले से लगाए जा सकते हैं और उनका परिवहन अधिक सुरक्षित तरीके से किया जा सकता है। अगली पीढ़ी की ये प्रणालियां आपरेशन में आने के बाद निकट भविष्य में एक ही मिसाइल का उपयोग करके कई हथियार ले जाने में सक्षम हो सकती हैं। भारत के अगली पीढ़ी के सबसे आधुनिक डिलेवरी प्लेटफॉर्मों में अग्नि प्राइम (अग्नि-पी) मिसाइल और मल्टीपल इंडीपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआइआरवी) प्रौद्योगिकी की क्षमता वाली अग्नि-5 प्रणाली शामिल है। एमआइआरवी प्रौद्योगिकी की एक मिसाइल कई परमाणु हथियार प्रक्षेपित कर सकती है और ये परमाणु हथियार स्वतंत्र रूप से अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकते हैं। अग्नि-पी, अग्नि श्रृंखला की मिसाइलों की नई पीढ़ी व आधुनिक संस्करण है।

## एफएटीएफ ने की पहलगाम हमले की निंदा

नई दिल्ली। पिछले कई साल से भारत मांग कर रहा है कि पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाए। भारत ने एफएटीएफ की आगामी बैठक में इस मुद्दे को उठाएगा। इस बीच एफटीएफ ने खुद ही जो बयान जारी किया है, वह पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ाने वाला है। वैश्विक निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने आतंकवाद की फंडिंग रोकने के लिए देशों द्वारा लागू किए गए उपायों की प्रभावशीलता पर अपना ध्यान और अधिक केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने एक बयान में कहा, आतंकी हमले दुनिया भर में लोगों को मारते हैं, घायल करते हैं और भय पैदा करते हैं।एफएटीएफ 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हमले को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करता है और इसकी निंदा करता है।

## विमान हादसे के शिकार 125 लोगों की डीएनए टेस्ट से शिनाख्त

अहमदाबाद।



**64 शव परिजनों को सौंपे गए**

एअर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाले 125 पीड़ितों की पहचान डीएनए टेस्ट के जरिए अब तक हो गई है और इनमें से गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। रूपाणी भी एअर इंडिया के उस बोइंग ड्रीमलाइनर विमान एआइ-171 में सवार थे जो 12 जून को दोपहर 1:39 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।इस हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों सहित कुल 275 लोगों की जान गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री का शव उनकी पत्नी अंजलि रूपाणी और अन्य परिवार के सदस्यों को शहर के सिविल अस्पताल में सौंपा गया।

## गुजरात और महाराष्ट्र में भारी बारिश




नई दिल्ली।

राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में मौसम में बदलाव देखने को मिला है। दक्षिण भारत में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू है। कई जगहों पर रिकॉर्ड बारिश देखने को मिल रही है। वहीं, उत्तर भारत के कई राज्यों में अभी भी गर्मी का सितम देखने को मिल रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली समेत कई राज्यों में बारिश की संभावना है। वहीं, सोमवार को गुजरात और मुंबई में भारी बारिश देखने को मिली। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को मुंबई के कई हिस्सों में भारी बारिश का दौर देखने को मिला। बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। वहीं, नवी मुंबई के कई इलाकों में भारी बारिश से रेलवे परिसर में जलभराव देखने को मिला जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) ने एक बार महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने मुंबई में बारिश को लेकर ऑरेंज और पालघर में बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

## 'जी-8 से रूस को बाहर करना गलती,इसके लिए ओबामा-ट्रूडो जिम्मेदार'

नई दिल्ली।



जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए कैननास्किस पहुंचे ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ द्विपक्षीय बातचीत में कहा कि क्रीमिया पर कब्जे के बाद रूस को जी-8 से बाहर करना गलती थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अगर आपके साथ रूस होता तो अभी युद्ध नहीं होता। सात देशों के समूह यानी जी-7 की बैठक में शामिल होने कनाडा पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समूह में रूस की वापसी की बात कही है। उन्होंने कहा कि यह समूह कभी जी-8 हुआ करता था। लेकिन रूस को इस समूह से निकाल दिया गया। उन्होंने रूस को बाहर करने को गलती बताया और इसके लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को जिम्मेदार ठहराया। इस दौरान उन्होंने जी-7 में चीन को भी शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह चाहेंगे कि यह समूह जी-8 या जी-9 हो जाए। जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए कैननास्किस पहुंचे ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ द्विपक्षीय बातचीत में कहा कि क्रीमिया पर कब्जे के बाद रूस को जी-8 से बाहर करना गलती थी।

## तेहरान में दहशत, लोग घर छोड़ने को हुए मजबूर

नई दिल्ली।

ईरान की राजधानी तेहरान में हजारों लोग अपने घरों को छोड़कर भाग रहे हैं और खाने-पीने, दवाओं और जरूरी सामान का भंडारण कर रहे हैं।

उन्हें डर है कि इजरायल की ओर से शुरू हुआ हवाई हमला आने वाले दिनों में और तेज हो सकता है। इजरायली सेना ने ईरानी नागरिकों को कुछ इलाकों से हटने की चेतावनी दी है ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इससे यह संकेत मिल रहा है कि इजरायल की हवाई कार्रवाई और ज्यादा व्यापक हो सकती है। हालांकि ईरानी सरकार ने इन चेतावनियों को मनोवैज्ञानिक युद्ध करार देते हुए जनता से नहीं घबराने का अनुरोध किया है। इसके बावजूद, ईरानी राज्य टेलीविजन पर राजधानी से बाहर निकलते वाहनों की लंबी कतारें दिखाई गई हैं। 38 वर्षीय शहरीयार ने कहा, हम कहां जाएं? कितने दिन तक घर से बाहर रहें? यह सवाल आज तेहरान के लाखों लोगों के मन में है। 29 वर्षीय शिक्षक अर्शिया ने बताया कि उनका परिवार तेहरान से 50 किमी दूर दामावंद शहर जा रहा है जब तक स्थिति शांत नहीं हो जाती। उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता डरे हुए हैं। हर रात हमलों की आवाजें आती हैं न कोई सायरन बजता है और न कोई बम शेल्टर है। हम इस्लामिक रिपब्लिक की नीतियों की कीमत क्यों चुका रहे हैं?। तेहरान के कई हिस्सों में बम धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। लेकिन वहां पर्याप्त बम शेल्टर नहीं हैं। सरकार ने अब स्कूलों, मस्जिदों और मेट्रो स्टेशनों को अस्थायी शरणस्थल के रूप में खोलने का फैसला किया है।



## संपादक की कलम से


# हवाई सुरक्षा में छेद

इ अभी तो एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान के क्रैश होने की त्रासदी और संताप देश को शोकाकुल किए हैं। कुछ और विमानों की आपात लैंडिंग की खबरों ने भी हमें कंपा दिया। रविवार सुबह एक और मनहूस खबर सामने आई कि उत्तराखंड में केदारनाथ के गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट समेत 7 यात्रियों की मौत हो गई। उत्तराखंड में 38 दिनों में 4 हेलीकॉप्टर क्रैश हो चुके हैं, जिनमें 13 मौतें हुई हैं। यह कैसी तीर्थयात्रा है? अंतत: नियति पर विश्वास करना पड़ता है, लेकिन मौजू सवाल यह है कि क्या हवाई यात्रा असुरक्षित है अथवा हेलीकॉप्टर के संचालन की प्रक्रिया ही छिद्रमय और भ्रष्ट है? बेशक मौत निश्चित है, लेकिन इस तरह इनसान को मौत के कुएं में धकेलना स्वीकार्य नहीं हो सकता। शेष नियति का विधान है, लेकिन हमारी व्यवस्था भी तो खोखली और गैर–जिम्मेदार है! एयर इंडिया विमान की त्रासद् दुर्घटना को टाटा संस और टाटा समूह के चेयरमैन एन.चंद्रशेखरन ने समूह के इतिहास का सबसे काला दिन करार दिया है। एयर इंडिया कंपनी 2022 में निजीकरण की प्रक्रिया के तहत टाटा समूह को मिली। टाटा कितना भी प्रतिष्ठित समूह हो, लेकिन एयर इंडिया उसके चेहरे पर काली लकीरें उकेरती आई है। कई शिकायतें और विसंगतियां सामने आती रही हैं। बहरहाल हमेशा की तरह, हर दुर्घटना के बाद की तरह, इस बार भी केंद्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। उसमें वरिष्ठ सचिव स्तर के अधिकारियों और विशेषज्ञों को रखा गया है। राष्ट्रीय स्तर की इस समिति ने सोमवार से अपने विमर्श की शुरूआत कर दी है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने तकनीकी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। विमान के दोनों ब्लैक बॉक्स मिल चुके हैं। हालांकि उनके जरिए विमान के भीतर की गतिविधियों और आवाजों की हकीकत तक पहुंचने में वक्त लगेगा। सरकार ने एक साल का वक्त दिया है। अब महानिदेशक, नागरिक उड्डयन (डीजीसीए) ने निर्णय किया है कि वह बोइंग के प्रत्येक विमान की अतिरिक्त जांच करेगा। उसके बाद ही विमान उड़ान भर सकेगा। त्रासद् दुर्घटना से पहले ऐसी नियमित जांच–पड़ताल क्यों नहीं की जाती रही? अब ही मानक संचालन प्रक्रिया तय करने की याद क्यों आई? कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम में बदलाव अब ही क्यों किया जा रहा है? अभी तो समितियों के निष्कर्ष सामने आएंगे, तो हवाई सुरक्षा के कई और छेद भी बेनकाब होंगे, क्या उनमें भी सुधार किया जाएगा? दरअसल हम विश्व में विमानन सुरक्षा को लेकर 48वें स्थान पर हैं। विश्व की शीर्ष 25 एयरलाइंस में एक भी भारतीय नहीं है। कम लागत वाली अपेक्षाकृत सुरक्षित एयरलाइंस में इंडिगो 19वें स्थान पर है, लेकिन यह इतनी महत्त्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि एयर इंडिया के 198 विमान नियमित उड़ान पर रहते हैं। बोइंग 787 और 737 बीते 14 सालों से भारत की एयरलाइंस में हैं। बोइंग में कुछ छिद्र सामने आए थे, तो जापान ने ड्रीमलाइनर विमानों पर ही रोक लगा दी थी। क्या ऐसा कड़ा फैसला भारत ले सकता है? बोइंग विमान कंपनी 108 साल पुरानी है। उसके अभी तक करीब 6000 विमान क्रैश हो चुके हैं, जिनमें करीब 9000 मौतें हुई हैं। बहरहाल केदारनाथ सरीखे पहाड़ी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर सेवा में विसंगतियां भी लगातार दुर्घटनाओं का सबब बनी हैं। दरअसल उत्तराखंड की इस हवाई सेवा में बड़ा भ्रष्टाचार और लालच लपलपाता रहा है। उनमें कई काली भेड़ें भी हैं, जो हवाई सेवा की कालाबाजारी भी करती हैं। चूंकि उसका एक हिस्सा सत्ताधीशों तक भी पहुंचता होगा, लिहाजा दुर्घटनाओं के बावजूद हेली सेवाएं जारी हैं। फिलहाल ये सेवाएं स्थगित की गई हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# ईरान-इजरायल युद्ध से दुनिया के सामने नई चुनौती



ललित गर्ग



इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है। ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये? विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है?

इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है।

जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा। दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषतः चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है।

ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है। ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है।

इजरायल ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। खासकर उसे लगता है कि अगर ईरान ने परमाणु बम बना लिया तो उसके लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। यह खतरा इजरायल के साथ अन्य देशों के लिये भी होगा। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि हम ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। जो आपरेशन शुरू किया है, उसे लक्ष्य हासिल होने तक जारी रखेंगे। ईरान का परमाणु शक्ति बनना एक बड़ा खतरा है, इस बड़े खतरे को समाप्त करना ही ऑपरेशन राइजिंग लायन का लक्ष्य है। इसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आना भी इजरायल के बेहतर मौका लेकर आया और यहां अमेरिका का समर्थन अहम हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इजरायल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इजरायल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो इसके जटिल परिणाम सामने आते हैं और सभी जीवन-निर्वाह की चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। जिससे भारतीय रूपया कमजोर होने, मुद्रास्फीति बढ़ने और देश की वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ने का खतरा भी है। भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसी घटनाओं का महंगाई से लेकर व्यापार संतुलन, रोजगार से लेकर जीवन-निर्वाह तक के महत्वपूर्ण संकेतकों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है।

इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष भारत के हितों को चोट पहुंचाने वाला है। आर्थिक हित के साथ दोनों देशों के साथ भारत के सामरिक तथा रणनीतिक हित भी जुड़े हुए हैं। भारत को संतुलित रवैया अपनाना होगा, क्योंकि ईरान हमारा पुराना मित्र है, जो कश्मीर मुद्दे को लेकर इस्लामिक देशों के संगठन तक भारत का साथ देता रहा है। इजरायल हमारा महत्वपूर्ण सामरिक एवं नवाचार साझेदार है। किसी के भी पक्ष में झुकाव दुविधा को ओर बढ़ायेगा।

## कमलेश झा



### तकरार

कविता

जब दिलों में बात रह जाती है,
सिर्फ आँखों से बरसात बह जाती है ।
तकरार की वो छोटी सी चिंगारी,
कभी–कभी रिश्तों को राख कर जाती है।

शब्दों की तलवार जब चल जाती है ,
मौन की पीड़ा कहर बन गिर जाती है ।
अगर बातों को समझ के कसौटी पर तोली जाती,
तो हर तकरार भी नई सिख दिला जाती है।

कभी बातें उलझन भरी होती ,
तो कभी खामोशी में भी तकरार होती ।
रिश्तों की डोर जब कस जाती ,
तो कभी हर मुस्कान भी बीमार सी लगती ।

जब कोई नहीं समझता चुप्पी को,
मैं क्यों सुनाऊं अपनी सिसकी को।
कहने को बहुत कुछ है हमारे पास,
फिर भी दिल को एक कोने रख मन रहता है उदास।

छोटी–सी बात जब दिल को चुभ जाती ,
तो तकरार बनकर जुबां पर आ जाती ।
एक पल का गुस्सा, बरसों की दूरी,
रिश्तों में आ जाती है अनकही मजबूरी।

पर क्या हर तकरार दुश्मनी होती है?
या कहीं दिल की गहराई होती है?
जो अपने होते हैं, वही तो उलझाते हैं,
पर अंत में गले भी वही लग जाते हैं।

चलो तोड़ो ये तकरार की दीवार,
फिर से करें हम प्यार का इजहार।
क्योंकि रिश्तों को मजबूत करती तकरार ,
जो अंत में बढ़ा दे रिश्तों का आधार।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आधुनिकता से बिखरते परिवार त्रासदी झेलते बच्चे और बुजुर्ग

भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है।

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निदेर्शों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए।हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है। भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरूआत बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक हो चुकी है। इसके लिए हमें अतिरिक्त सावधानी रखनी होगी। मैंने पहले भी कहा था कि करोना का केरल हॉटस्पॉट बन चुका है। अब दिल्ली, मुंबई चेन्नई अहमदाबाद तथा पूर्वोत्तर राज्य मैं भी कोविड-19 की तीसरी लहर के आंकड़े डरावने हो गए हैं। करोना का डेल्टा वैरीअंट यानी करोना की तीसरी लहर हर जगह फैलने लगी है अब यह संक्रमण भारत के महानगरों में फैलने की आशंका को लेकर आया है दिल्ली ,मुंबई कोलकाता, अहमदाबाद,चेन्नई से कोविड-19 की तीसरी लहर अपना पैर पसार चुकी है। और यदि आपने अपने चेहरे पर मास्क नहीं लगाया, लगातार हाथ नहीं धोया, लोगों से 2 गज की दूरी नहीं रखी और भीड़ भाड़ में जाने से नहीं बचे, तो निश्चित तौर पर कोविड-19 का डेल्टा वैरीअंट को आने से कोई नहीं रोक सकता है । वैसे भी विश्व में इंडोनेशिय,मलेशिया,थाईलैंड, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, अर्जेंटीना,अमेरिका मैं डेल्टा वैरीअंट के तेजी से हजारों प्रकरण बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका डेल्टा वैरीअंट के संक्रमण का भयानक प्रकोप झेल रहा है। भारत में भी पूर्वांचल प्रदेशों में मिजोरम,असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में तीसरी लहर के आसार स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ब्रिटेन, अमेरिका,और फ्रांस जैसे उच्च शिक्षित देशों के नागरिकों ने लॉकडाउन हटते ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का उल्लंघन कर कोविड-19 की तीसरे संक्रमण की लहर को आमंत्रित कर लिया है। अमेरिका के स्वास्थ विभाग के वैज्ञानिक डॉ मूर्ति ने यहां तक कहा कि अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को तीसरी लहर के अल्फा बीटा गामा कप्पा और डेल्टा वैरीअंट से बचने के लिए इंजेक्शन का बूस्टर डोज लगाना पड़ेगा, तभी लोगों की जान बच पाएगी।



संजीव ठाकुर

24 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश अब तक करोना की लहर से लड़कर उसे दबाने में काफी हद तक सफल रहा है। खुलेआम पर्यटन स्थलों पर मौज मस्ती करने वाले अमीर लोग अपना इलाज तो आसानी से करवा लेंगे पर सबसे बड़ी मुसीबत गरीब तथा सर्वहारा वर्ग के लिए होगी जि ऐसे में यदि भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर पर्यटन स्थलों में घूमते हुए बेखौफ लोगों से भारत फिर फैलती है, तो आम जनता का जीवन यापन कठिन तथा दुष्कर हो जाएगा। और जिंदगी बचाने के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम होने की पूरी संभावना है। देश में कोरोना की प्रथम लहर के थोड़े से नियंत्रण में आने के बाद सरकारों और आला अधिकारियों को यह गलतफहमी हो गई थी,कि करोना पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। और वापस लौटकर नहीं आएगा। इसीलिए उन्होंने बाजार, आम सभाएं, शादी समारोह, होटल, टॉकीज,बड़े बड़े मॉल को खोलने की तथा ग्राहकों को आमंत्रित करने की अनुमति दी थी। और नीति निमार्ता, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार तथा मंत्रालय में बैठे बड़े-बड़े आला अधिकारियों ने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि करोना की दूसरी लहर भी आएगी, और इसी के चलते उन्होंने न तो कोई दूरदर्शी नीति बनाई और ना ही इससे बचने के किसी उपाय पर विचार ही किया ।यह उनकी सबसे बड़ी गलती थी, तथा अदूरदर्शिता भी थी ।

लेकिन करोना कि दूसरी लहर ने संक्रमण की जो तबाही मचाई और लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया , अब कोविड-19 की तीसरी लहर भी इसी तरह के संक्रामकता लाने वाली है। यह तीसरी लहर का वैरीएंट बच्चों तथा युवा बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा, और इसके कोई लक्षण भी नहीं दिखाई देंगे, कोविड-19 की पहली लहर में संक्रमण दस दिन तक अपने उफान पर रहता था अब दूसरी लहर में 5 दिन में या पूरे शबाब पर आ जाता है, तीसरी लहर में न जाने यह दो या तीन दिन में अपना सर्वाधिक असर दिखाने वाला होगा, ऐसे में तीसरा संक्रमण कॉल बहुत ज्यादा डरावना और संक्रमण का होगा,वह दूसरे संक्रमण काल से भी ज्यादा मौत देने वाला होगा। ब्रिटेन की वैज्ञानिक शोध पत्रिका लेसेंट ने बताया कि ब्रिटेन फ्रांस बच्चों के लिए वैक्सीन बनाने में सफल हो गए हैं। एवं ब्रिटेन में बच्चों को वैक्सीनेशन देने की अनुमति देने की तैयारी चल रही है भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।

# रामपुर के अंदर सभी बिजली घर बड़े पैमाने पर बिजली कटौती कर रहे हैं उस्मान बबलू

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद उस्मान बबलू जनपद में हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती को लेकर और दुर्गा नगला बिजली घर के कर्मचारियों की गुंडागर्दी एवं भ्रष्टाचार को लेकर जनपद रामपुर के बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता महफूज आलम खान के कार्यालय पहुंचे वहां पर पहुंचकर दुर्गा नगला बिजली घर के संविदा कर्मचारी आदिल खान मुर्शद निजाम अरविंद शर्मा की क्षेत्र से आ रही शिकायतों को जनपद रामपुर के अधीक्षण अभियंता महफूज आलम खान साहब के सामने रखा प्रदेश महासचिव ने कहा कि पूरे जनपद के अंदर सभी बिजली घर बड़े पैमाने पर बिजली कटौती कर रहे हैं और तो और लोगों की फर्जी वीडियो बनाकर उन्हें डरा धमका कर गरीब किसान मजदूर से मोटी रकम वसूल करते हैं जो सरासर गलत है आज इसकी आवाज राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव और राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने आज उठाई है और जब तक आवाज खामोश नहीं होगी जब तक दुर्गा नगला बिजली घर के कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं होती पत्र देने वालों में नगर महासचिव मुनाजिर हुसैन क्षेत्रीय महासचिव शबाब खान नगर सचिव मंजू खान कार्यालय प्रभारी जावेद मियां वार्ड नंबर 3 अध्यक्ष इमरान खान युवा नेता मोहम्मद फैजान जमाल अरसलन मोहसिन और तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग, थीम पर आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर संवाद सहयोगी, रामपुर।** योग सप्ताह के अन्तर्गत हुई प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने उकेरी कला। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग, थीम पर आयोजित की गई प्रतियोगिताएं। कन्या इंटर कालेज खारी कुंआ में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध, स्लोगन, योग चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और योगासन प्रतियोगिता। छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डाक्टर हरिओम ने बताया कि आयुष विभाग के पोर्टल पर योग संबधिंत फोटो व वीडियो अपलोड करने पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। जिसमें चयनित छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने प्रतियोगिता में शामिल छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान डाक्टर रविंद्र कुमार, योग प्रशिक्षक राजीव कुमार, अर्चना गुप्ता, अंजलि महरोत्रा, रेखा गुप्ता, शगुफा, रिया शर्मा व सुमेधा आर्य उपस्थित रही।

# हत्या के अभियोग का अभियुक्त बरामदगी के दौरान पुलिस मुठभेड में घायल हो कर गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** थाना गंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-- 125/2025 धारा-103(1)/140(1)/238/324(4)(5) बीएनएस में हिरासत पुलिस लिये गये वांछित अभियुक्त सद्दाम पुत्र साद हुसैन निवासी धनुपुरा थाना भोट जनपद रामपुर को अभियोग से संबंधित बरामदगी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना गंज, रामपुर मय हमराह पुलिस बल द्वारा ले जाया गया, केसरपुर पुलिया से अजयपुर जाने वाले रास्ते पर पहुंचकर अभियुक्त सद्दाम उपरोक्त की निशादेही पर एक मोबाईल फोन, मृतक निहाल का सिम व अभियुक्त सद्दाम द्वारा घटना के समय पहने कपडे बरामद किये गये ।बरामदगी के दौरान अभियुक्त सद्दाम उपरोक्त मु0 आ0 1014 गजेन्द्र की पिस्टल छीनकर भाग गया ।पुलिस बल द्वारा आस पास कॉम्बिंग की गयी तो अभियुक्त सद्दाम ने छीनी गयी पिस्टल से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त सद्दाम उपरोक्त दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया ।अभियुक्त सद्दाम उपरोक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल रामपुर भेजा गया है।

# अस्पताल में मरीज की मौत पर डीएम ने जताई चिंता, स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान युवक की मौत के बाद शनिवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अचानक अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति सामने आई। डीएम ने लैब, स्कैन केंद्र और पोषण केंद्र का गहन निरीक्षण करते हुए कई निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी सबसे पहले सीटी स्कैन विभाग पहुंचीं, जहां उन्होंने मरीजों से संवाद कर स्कैन रिपोर्ट की समयसीमा और शुल्क संबंधी जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि उन्हें तय शुल्क पर ही जांच की सुविधा मिल रही है। इस दौरान डीएम ने सीटी स्कैन कक्ष के बाहर जर्जर फर्श को देख नाराजगी जताई और जल्द मरम्मत के आदेश दिए। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि फर्श की नाप-जोख हो चुकी है, मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा। इसके बाद डीएम ने पैथोलॉजी लैब की व्यवस्था देखी और जांच रिपोर्ट की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने रिकॉर्ड व्यवस्था को बेहतर करने और रिपोर्ट समय से देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर स्थित एनआरसी (कुपोषण उपचार केंद्र) का भी दौरा किया। उन्होंने वहां भर्ती बच्चों के लिए रुचिकर वॉल पेंटिंग कराने और खेल-कूद की सामग्री उपलब्ध कराने को कहा। डीएम ने कहा कि कुपोषित बच्चों को बेहतर माहौल देना जरूरी है जिससे उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति तेजी से सुधरे। अंत में जिलाधिकारी ने नगर के दुष्यंत पुस्तकालय का निरीक्षण किया। वहां पढ़ रहे छात्रों से बातचीत कर पुस्तकालय की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने नगर पालिका को निर्देश दिए कि पुस्तकालय में रोशनी, पीने का पानी और पुस्तकें आदि मूलभूत सुविधाएं जल्द सुनिश्चित कराई जाएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज सेन, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, पैथोलॉजिस्ट, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित कई जिम्मेदार मौजूद रहे।

# 19 जून को लगेगा रक्तदान शिविर




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के झालू अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नगर अध्यक्ष शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में नगर के गरीबदास धर्मशाला (मंडल अध्यक्ष कार्यालय) पर दिनांक 19 जून दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 9:00 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि रक्तदान की प्रक्रिया रक्तदाता सेवा चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा की जाएगी व सभी रतदाताओं को प्रशिक्षित पत्र देकर सम्मानित और पुरुषों को हेलमेट एवं महिलाओं को पर्स देकर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# जीटीबी के योग शिक्षक को आदियोगी योगभूषण सम्मान



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ द्वारा 15 जून 2025 को ₹लाजपत भवन ऑडिटोरियम न्यू दिल्ली₹ में ₹योग महाकुम्भ₹ का आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित योग शिक्षको का सम्मान किया गया। इस समारोह में योग के क्षेत्र में सेवा के लिये गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, नूरपुर शारीरिक शिक्षा एवं योग शिक्षक प्रदीप कुमार को आदियोगी योग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें योग शिक्षक प्रदीप कुमार को स्मृति चिहन, पगड़ी व मैडल सम्मान के रूप में प्रदान किया गया। प्रबन्ध निदेशक मनदीप सिंह और प्रिंसिपल अवनीश कुमार ने योग शिक्षक प्रदीप कुमार को को बधाई दी और कहा कि यह विद्यालय के लिये गर्व का क्षण है।

# भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकसित भारत संकल्प सभा का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर नगीना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल व दूरदर्शी नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन भाजपा नगीना मंडल द्वारा दयानंद वैदिक कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिसोदिया, मुख्य वक्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल रहे।

कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभात चंद गुप्ता,वरिष्ठ नेता चौधरी दिग्विजय, पूर्व नगर अध्यक्ष लाल विनोद अग्रवाल आधुनिक भारत सरकार की उपलब्धियां को गिनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल व संचालन पंडित सचिन शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता ने बताया कि मोदी सरकार ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए अंत्योदय को अपना ध्येय बनाया और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा कर सच्चे गरीब-कल्याण को प्राथमिकता दी। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव शंकर सक्सेना,ओमपाल सैनी, अमित गुप्ता, मंडल महामंत्री अभिषेक अग्रवाल, अरुण शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष प्रहलाद कुशवाहा, डा.भूपेश, रोहित रवि, लवी मित्तल,सौरभ मित्तल, शाकुंभरी देवी, इंदु ठुकराल, अनुज वर्मा, शिवचरण सैनी, शीतल जोशी, हरिश्चंद्र सैनी, शिव मिगलानी, नीरज कर्णवाल, राजकुमार शेट्टी, दिनेश चौधरी, गोपाल शर्मा, मोहित गर्ग, जमीलउद्दीन अंसारी, आलमगीर काजमी, अनवर कुरैशी, हरमीत मल्होत्रा, शीतल जोशी, ठाकुर जितेंद्र, पंकज चौहान, अतुल भारती ,चंद्र प्रकाश, हरिराम आदि वरिष्ठ पदाधिकारीगण व देव तुल्य कार्यकताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया ! अंत में मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल ने सभा में आए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।


# किसान लाभर्थियों को मिला मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का लाभ

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि का वितरण आंबेडकरनगर में आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया। इसी प्रकार सभी तहसीलों में देखा गया और 154 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का लाभ दिया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों की समस्याओं को बहुत करीब से समझाते हैं। पहले कोई किसानों की दुर्घटना होने पर उनके परिवारों को कोई सहायता राशि उपलब्ध नहीं कराई जाती थी। इस योजना को लागू कर दैवीय आपदा व दुर्घटना में मृत्यु हुए किसानों के परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों के साथ ही साथ बटाईदारों को भी इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने कहा कि आज जनपद के सभी तहसीलों में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि का वितरण किया जा रहा है। सभी तहसीलों में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के कुल 142 दावे प्राप्त हुए थे। सभी तहसीलों के मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के कुल 154 लाभार्थियों को धनराशि 69150000 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एडीएम ज्ञान प्रकाश, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहसील नौगढ़ के 43 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया।

# आधुनिक समय में राबर्ट ब्राउनिंग के आशावाद की आवश्यकता



डॉ उदिता राजपूत
असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग
गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर
महाविद्यालय चान्दपुर-स्याऊ,बिजनौर

यूं तो हमारे देश का साहित्य भी अनेक आशावादी लेखकों और कवियों से भरपूर है परन्तु अंग्रेजी साहित्य की विद्यार्थी होने के नाते मैं ब्राउनिंग के आशावाद की प्रशंसक हूं और मुझे लगता है कि आधुनिक समय में इस आशावादी सोच की बहुत अधिक आवश्यकता है। ब्राउनिंग का जीवन-दर्शन एक दृढ़ और निरंतर आशावादी दृष्टिकोण पर आधारित है। उनका आशावाद सतही नहीं, बल्कि जीवन की वास्तविकताओं में गहराई से निहित है। वे जीवन की असंगतियों और अपूर्णताओं को न केवल स्वीकार करते हैं बल्कि उन्हीं में आशा की किरण भी देखते हैं। वे पारंपरिक मान्यताओं का खंडन नहीं करते; बल्कि ईश्वर, आत्मा की अमरता और ईश्वर के अवतार में विश्वास रखते हैं। वास्तव में, उनका दर्शन एक ऐसे व्यक्ति का दर्शन है, जो दुनिया की ओर आशा और विश्वास की दृष्टि से देखता है। विक्टोरियन युग अनेक विरोधाभासों और उलझनों से भरा हुआ था—कला और जीवन, कला और नैतिकता, रूप और विषयवस्तु, पुरुष और महिला, पारंपरिक और प्रगतिशील शिक्षा, शरीर और आत्मा, इंद्रिय और आध्यात्म—इन सभी में संघर्ष व्याप्त था। परंतु ब्राउनिंग इन संघर्षों से अछूते रहे। वे अपने मूल स्वभाव में आशावादी बने रहे ।उनकी कविताओं में यह आशावाद स्पष्ट झलकता है। ब्राउनिंग अक्सर अपने पात्रों को किसी संकट या नैतिक द्वंद्व की स्थिति में रखते हैं। यह संकट चरम पर पहुँचता है, और अंततः आशा के साथ उसका समाधान होता है। जैसे 'दी पैट्रियट' कविता में वह कहते हैं- ईश्वर मुझे प्रतिफल देगा, मैं इस तरह अधिक सुरक्षित हूँ। ब्राउनिंग के अनुसार, जीवन का मूल्य उपलब्धि में नहीं बल्कि आकांक्षा में है—यह वही आध्यात्मिक विशेषता है जो मनुष्य को पशु से अलग करती है। संघर्ष ही उपलब्धि और आत्मिक विकास की ओर ले जाता है ।ब्राउनिंग का आशावाद जीवन के सतत संघर्ष को महत्त्व देता है। 'रबाइ बेन एजरा' में वह लिखते हैं- संघर्ष करो, कष्ट को तुच्छ समझो; सीखो, पीड़ा को मत गिनो; साहस करो, कष्ट से भय मत खाओ। ब्राउनिंग पृथ्वी के जीवन को महत्वहीन नहीं मानते। 'फ्रा लिप्पो लिप्पी' में वह कहते हैं- यह दुनिया हमारे लिए न तो धब्बा है और न ही शून्य; इसका अर्थ गहराई से है, और वह अर्थ अच्छा है। वह यह भी कहते हैं कि आत्मा शरीर नहीं है, और साँस बाँसुरी नहीं है, परंतु दोनों मिलकर ही संगीत बनाते हैं, अगर एक भी टूटे, तो सब कुछ मौन हो जाता है। ब्राउनिंग का आशावाद उनकी आत्मा की अमरता में आस्था पर आधारित है। शरीर मर सकता है, पर आत्मा अनंत में जीवित रहती है। वह इस संसारिक जीवन की नशवरता को स्वीकार करते हैं और साथ ही यह भी मानते हैं कि असफलता भी प्रेरणा और प्रगति का स्त्रोत बन सकती है। 'एन्ट्री डेल सार्टो' में वह कहते हैं- एक मनुष्य की पहुँच उसकी पकड़ से आगे होनी चाहिए, नहीं तो स्वर्ग का क्या अर्थ? ब्राउनिंग वृद्धावस्था के विषय में भी आशावादी हैं। 'रबाइ बेन एजरा' में वह कहते हैं कि युवावस्था को खोने का अफसोस या वृद्धावस्था का भय नहीं होना चाहिए। वह लिखते हैं- मेरे साथ वृद्ध होते रहो ! सबसे अच्छा तो अभी आना बाकी है, जीवन के अंतिम भाग के लिए ही पहला भाग बना था। ब्राउनिंग के आशावाद में जीवन की प्रसन्नता का उल्लास झलकता है। किसी ने भी ब्राउनिंग से अधिक उत्साह से जीवन की खुशी का गायन नहीं किया। यहां तक कि वह मृत्यु का सामना भी साहस से करने की बात करते हुए अपनी कविता 'दी प्रोस्पिस' में लिखते हैं- मैं हमेशा एक योद्धा था, इसलिए एक और युद्ध, सर्वोत्तम और अंतिम। रॉबर्ट ब्राउनिंग का आशावाद उनके साहित्य की प्रमुख विशेषता है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों, सामाजिक चुनौतियों और व्यक्तिगत दुखों के बीच भी जीवन की सकारात्मकता और आत्मविश्वास को बनाए रखने का संदेश दिया। आधुनिक युग में जहाँ तनाव, अवसाद, सामाजिक असमानता और अनिश्चितता तेजी से बढ़ रही है, वहाँ ब्राउनिंग का यह आशावाद अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है ।आज के समय में सोशल मीडिया, राजनीतिक उथल-पुथल और वैश्विक संकट (जैसे महामारी, युद्ध आदि) ने नकारात्मक सोच को जन्म दिया है। ब्राउनिंग की कविताएँ यह सिखाती हैं कि विपरीत परिस्थितियों में भी आशा की लौ जलती रहनी चाहिए ।ब्राउनिंग की काव्य शैली मानवीय संवेदनाओं से भरपूर है। जब आधुनिक समाज में अलगाव और अकेलापन बढ़ रहा है, तब उनकी रचनाएँ हमें यह याद दिलाती हैं कि मानवता और सहानुभूति ही वास्तविक शक्ति है। आज के समय में जब हम देखते हैं कि किस तरह हमारे युवा भौतिक रूप से सफल न होने पर आत्महत्या तक कर रहे हैं तब ब्राउनिंग को पढ़ना और भी प्रासंगिक हो जाता है क्योंकि ब्राउनिंग ने भौतिक सफलता नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति को महत्व दिया है। आधुनिक समय में जहाँ भौतिकता हावी है, वहाँ यह दृष्टिकोण मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति के लिए परम आवश्यक है। ब्राउनिंग का आशावाद आधुनिक समय के लिए एक प्रकाश स्तंभ के समान है। यह न केवल व्यक्तिगत विकास, बल्कि सामाजिक उत्थान के लिए भी प्रेरणा प्रदान करता है। उनके विचारों को अपनाकर हम एक अधिक सहनशील, सकारात्मक और आशावादी समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# मथुरा के प्रवर डाक अधीक्षक के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मथुरा के प्रवर डाक अधीक्षक के द्वारा किसानों के प्रति अशोभनीय व्यवहार और किसानों की समस्याओं को न सुनने पर भाकियू चढूनी के कार्यकताओं ने पूरे प्रदेश में केंद्रीय संचार मंत्री भारत सरकार के नाम अलग अलग जिलों के जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सोंपा।

सोमवार को राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश के सभी मुख्यालयों पर ज्ञापन कार्यक्रम के तहत जिला मथुरा में *भारतीय किसान यूनियन चढूनी* के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रतन सिंह पहलवान के नेतृत्व में जिला अधिकारी मथुरा के माध्यम से केंद्रीय संचार मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा और जिला अधिकारी को आधा घंटे तक पूरे प्रकरण से अवगत कराया, उन्होंने कार्यकताओं को पूरे मामले की गहन जांच कराने और ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया। बता दें कि जनपद मथुरा में प्रधान डाकघर पर अनियमितताओं, भ्रष्टाचार, आदि को लेकर भाकियू चढूनी संगठन द्वारा 10 जून को धरना दे रहे किसानों पर प्रवर डाक अधीक्षक ने किसानों की समस्याओं को सुनने की बजाय, किसानों से संवाद करने की बजाय अपने परिवार को आगे कर दिया, झूठें एससी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराने की बात की जिसको लेकर राष्ट्रीय आह्वान पर प्रदेश व्यापी आंदोलन की शुरूआत ज्ञापन के माध्यम से शुरू की गई। इसी कड़ी में भाकियू चढूनी बरेली, बदायूं, मेरठ, बुलंदशहर, सहारनपुर, आदि जनपदों में प्रदर्शन कर जिला अधिकारियों के माध्यम से केंद्रीय दूर संचार मंत्री को ज्ञापन सौंपे गए।जिसमें संगठन द्वारा निम्न माँगों को रखा गया। संविधानिक रूप से धरना दे रहे किसानों से प्रवर डाक अधीक्षक द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। जो अशोभनीय है। ऐसे कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को झूठे मुकदमों में फसाने एवं एससी एक्ट के फर्जी मुकदमा लिखने की धमकी देने वाले कर्मचारी पर मुकदमा पंजीकृत कराया जाए।प्रशासनिक अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट एवं सीओ सिटी द्वारा किसानों से वार्ता की विनती को दरकिनार करने वाले तानाशाह प्रवर डाक अधीक्षक पर जिम्मेदार अधिकारियों के मान सम्मान में ठेस पहुंचाने का भी मुकदमा पंजीकृत किया जाए। प्रवर डाक अधीक्षक मथुरा की आय से अधिक संपत्ति की जांच हेतु कमेटी गठित की जाए जिसमें एक सदस्य भाकियू चढूनी का भी रहे।मथुरा प्रधान डाकघर में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने एवं कर्मचारियों द्वारा जनता के साथ अच्छा आचरण रखने हेतु विशेष कदम उठाया जाए।संगठन द्वारा चेतावनी भी दी गई अगर इन मांगो को अनदेखा किया गया तो मथुरा प्रधान डाक घर पर राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन की रूप रेखा हरिद्वार 19, 20, 21 जून में होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में तैयार की जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव सोनपाल सिंह चौहान, एनसीआर अध्यक्ष गुड्डू चौधरी, सुदेश प्रधान, जिला अध्यक्ष संजय पाराशर, प्रदेश महासचिव सतीश चंद्र, प्रदेश उपाध्यक्ष बिल्ला सिंह, जगदीश निषाद, कुंतभोज, श्यामपाल सिंह, भुल्ली सिंह, ओमवीर सिंह, बच्चू सिंह, जयपाल सिंह चौधरी, गोमवती, सोनवीर सिंह तोमर, हरिओम सिंह मौजूद रहे।

# टाण्डा में बिजली कटौती से हाहाकार, स्थानीय बिजली अधिकारी बेपरवाह

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** टाण्डा में इन दिनों भीषण गर्मी और बिजली की आँख-मिचौली ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। पिछले एक हफ्ते से दिन-रात बिजली की लंबी कटौती ने नगरवासियों को हलकान कर रखा है। बच्चे, बूढ़े, जवान सबके सब पसीने से तर-बतर हैं, लेकिन बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी जैसे गहरी नींद में सो रहे हैं। लोग बार-बार शिकायत कर रहे हैं, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन बिजली व्यवस्था सुधारने की गुहार लगा रहे हैं, मगर हालात जस के तस हैं।पिछले साल भी यही स्थित थी और इस साल भी वही हालात। जर्जर एबीसी वायर बदलने और पुराने कम क्षमता के ट्रांसफॉर्मर को हटाकर उच्च क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर लगाने का काम आज तक पूरा न हो सका।नतीजतन बिजली की सप्लाई में कोई सुधार नहीं हुआ। सोमवार को पूर्व पालिकाध्यक्षपति एवं भाजपा नेता मकसूद अली लाला, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश कुमार सैनी और अब्दुल सलाम ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत और अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा।जिसमें शासन के आदेशानुसार टाण्डा को तहसील मुख्यालय के हिसाब से बिना रुकावट बिजली दिए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि भीषण गर्मी में टाण्डा की बिजली व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है। सरकार ने तहसील स्तर पर बिजली की पर्याप्त सप्लाई के सख्त आदेश दिए हैं, लेकिन स्थानीय बिजली अधिकारी जैसे सुनने को ही तैयार नहीं। हल्की बारिश या हवा चलते ही लोकल फॉल्ट का बहाना बनाकर कई-कई घण्टे बिजली गायब कर दी जाती है। नगर के मोहल्ला सेंटाखेड़ा, पुराना बाजार, युसुफ चौक, मस्जिद खाम, नीम, पड़ाव, राहूपुरा, नवाबपुरा मरघटी, टण्डोला और टण्डोली आदि इलाकों में जर्जर तारों और ओवरलोडिंग का बहाना बनाकर घण्टो बिजली सप्लाई बंद करदी जाती है।भीषण गर्मी में पर्याप्त बिजली न मिलने से बच्चों-बुजुर्गों सभी का बुरा हाल है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों को शायद इन सब से कोई लेना-देना नहीं। लोगों का कहना है कि सरकार जनता को राहत देने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है, लेकिन स्थानीय अधिकारी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।भाजपा नेताओं ने उच्च अधिकारियों से शासन की मंशा के मुताबिक टाण्डा को तहसील मुख्यालय के अनुसार बिजली दिए जाने की मांग की है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एसएसबी के जवानों ने किया योगाभ्यास




असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत 43 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी अलीगढ़वा, धनौरा, बानगंगा, कपसिहवा और कोटिया में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग के महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने योग दिवस मनाने की घोषणा की है। एसएसबी के जवानों ने बताया कि योग हम सभी के लिए अति महत्वपूर्ण एवं आवश्यक क्रिया है। योग से हम अपने शरीर को स्वस्थ रखते हुए अपनी जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इस कार्यक्रम में 43वीं वाहिनी के अधिकारियों और जवानों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी रुचि दिखाते हुए योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# एडीएचआर की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, महासचिव पूजा और कोषाध्यक्ष शालिनी सहित

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार




**हाथरस।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स की महिला प्रकोष्ठ का शपथग्रहण समारोह एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। एडीएचआर महिला प्रकोष्ठ के शपथग्रहण समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय, राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र गोयल, जिलाध्यक्ष उपवेश कौशिक, जिला महासचिव शैलेन्द्र सांवलिया उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने गणेश पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, महासचिव पूजा वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के साथ तीस सदस्यीय जिला कार्यकारिणी को शपथग्रहण कराई। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने कहा कि नारीशक्ति समाज का नेतृत्व कर आगे बढाने का कार्य करती हैं एक माँ बच्चे की प्रथम गुरु होती हैं और परिवार और समाज का आईना होती हैं नारी शक्ति विभिन्न रूपों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं नवनियुक्त एडीएचआर महिला प्रकोष्ठ की टीम को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ की टीम की बहुत बडी जिम्मेदारी है महिलाओं में अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों का पालन कराने के लिए आगे आये और महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, समानता नेतृत्व क्षमता को विकसित करें महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण पहलू है इस पर आगे बढने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव पूजा वार्ष्णेय ने किया। सभी को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। शपथग्रहण कार्यक्रम में कविता गोयल, प्रियमदा गर्ग, चित्रा वार्ष्णेय, ममता अग्रवाल, शशि वाला अग्रवाल, रितु जैन, रुचि अग्रवाल रीना गुप्ता, प्रभा वार्ष्णेय, पूजा वार्ष्णेय, मुक्ति जैन, सविता वार्ष्णेय, आशु वार्ष्णेय आदि महिलाएं उपस्थित।

# ड्यूटी के दौरान रामपुर में तैनात 57 वर्षीय दरोगा को हार्ट अटैक, अस्पताल में तोड़ा दम

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव नाबका निवासी जिला रामपुर में तैनात 57 वर्षीय दरोगा ह्रदेश कुमार शर्मा का हार्ट अटैक से मौत हो गई। राजकीय सम्मान के साथ उनके शव को सोमवार को उनके गांव भेजा गया। एसपी रामपुर समेत अन्य लोगों ने परिजनों को सांत्वना दी। जनपद रामपुर में तैनात दरोगा ह्रदेश कुमार शर्मा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह 57 साल के थे। पोस्टमार्टम के बाद दरोगा के शव को पुलिस लाइन में लाकर राजकीय सम्मान के साथ एसपी विद्या सागर मिश्र व अन्य पुलिस अधिकारियों ने सलामी दी। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव नाबका निवासी आकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता ह्रदेश कुमार शर्मा जनपद रामपुर पुलिस लाइन में दरोगा के पद पर कार्यरत थे। रविवार की देर शाम अचानक उनके पिता ह्रदेश कुमार शर्मा की अचानक तबियत बिगड़ी उन्हें निजी अस्पताल में लाया गया था, जहां डॉक्टर ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया था। ह्रदेश कुमार शर्मा साल 1986 में बरेली से पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। फिर वह कई जनपदों में कार्य करने के बाद उपनिरीक्षक बने थे। रामपुर जनपद में आए थे। रामपुर में उनकी तैनाती पुलिस लाइन रामपुर में हुई थी। मृतक के परिवार में पत्नी, दो बेटियां और दो बेटा है। सोमवार को दरोगा ह्रदेश कुमार शर्मा का शव गांव नाबका में पहुंचने पर ग्रामीणों का तांता लग गया। मृतक का देर शाम गांव नाबका में स्थित बनेली नदी के किनारे अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# गौ माता को राष्ट्रीय गौ माता घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री को लिखा खून से पत्र, संतों ने किया समर्थन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** चंद्र सरोवर, गोवर्धन स्थित अपने आवास पर पंडित दिनेश फलाहारी ने प्रधानमंत्री मोदी जी को अपने खून से पत्र लिखकर मांग की कि गौ माता को राष्ट्रीय गौ माता घोषित किया जाए, उन्होंने कहा कि गावो विश्वसस्य मातरः, उन्होंने बताया कि जब तक गौ माता जीवित है तब तक ही सनातन धर्म और देश सुरक्षित है, उन्होंने कहा कि आर्थिक फायदा के लिए गौ माता को नहीं काटना चाहिए, उन्होंने गौ माता के दूध को अमृत बताया और कहा कि गौ माता संपूर्ण विश्व का कल्याण करती है, जब तक गौ माता कटती रहेगी तब तक हमारे देश में आपदा, प्रलय आती रहेगी, उन्होंने मांग की है कि जब जो भी व्यक्ति गौ माता हत्या करता है या काट कर खा जाता है, उसको फांसी की सजा देनी चाहिए। इस अवसर पर महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज ने कहा कि गौ माता का दूध अमृत है और सभी के लिए फायदेमंद होता है। प्रदेश अध्यक्ष गुंजन शर्मा ने कहा कि गौ माता का वध रुकना चाहिए। पंडित दिनेश फलाहारी ने कहा कि यदि गौ माता को राष्ट्रीय गौ माता घोषित नहीं किया तो वह भूखहड़ताल करेंगे. इस पत्र को उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी के एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया है।

# निःस्वार्थ सेवा संस्थान की अर्धवार्षिक बैठक में छह महीनों में किए गए कार्यों की समीक्षा

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) निःस्वार्थ सेवा संस्थान की अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन रविवार शाम संस्था के कार्यालय, नया मिल कंपाउंड पर किया गया। बैठक में संस्था के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीरामचंद्र की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने की तथा संचालन प्रवक्ता हिमांशु गौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर पिछले छह महीनों में संस्था द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्था के सदस्यों द्वारा पिछले 6 महीने में किए गए कार्य को आकलन किया गया और जिनका विशेष सहयोग रहा उनको पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सुझाव दिया कि आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाए, ताकि वहां के जरूरतमंद लोगों तक भी सेवा पहुंच सके। साथ ही, डिजिटल माध्यम से अधिक लोगों को जोड़ने की रणनीति पर भी विचार किया गया। संस्था द्वारा वरुण अग्रवाल, सतेंद्र मोहन, दीपांशु वार्ष्णेय, मयंक ठाकुर, सौरभ शर्मा अलग-अलग क्षेत्र में कार्य अनुसार इनको सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव नीरज गोयल, प्रवक्ता हिमांशु गौड़, कॉर्डिनेटर चंद्र प्रकाश अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी सारांश टालीवाल, सह सचिव तरूण राघव, सह सचिव निश्कर्ष गर्ग, वरुण अग्रवाल, लोकेश सिंघल, ध्रुव कोठीवाल, डॉ रंगेश शर्मा, सतेंद्र मोहन, स्वदेश वार्ष्णेय, आलोक अग्रवाल, संदीप गोयल, सुनील कुमार, रितिक बंसल, दीपांशु वार्ष्णेय, मयंक ठाकुर, विशाल सोनी, सौरभ शर्मा, मनीष कुमार मित्तल, आशीष अग्रवाल, अतीश अग्रवाल, मुकुंद मित्तल, आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट के वायरल वीडियो को पुलिस ने लिया संज्ञान, तीन पर केस दर्ज

असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़।** थाना क्षेत्र के सबुआ-सबुई गांव में कुछ लोगों का एक व्यक्ति को लाठी-डंडे से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का मामला प्रकाश में आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि लोग एक व्यक्ति को बेरहमी से पीट रहे हैं। पुलिस इस वीडियो को संज्ञान में लेकर कार्रवाई में जुट गई। सोमवार दोपहर बाद पीड़िता के तहरीर पर एक महिला सहित तीन लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। हालांकि, दैनिक वेलकम इण्डिया वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सोमवार को ग्राम सबुआ-सबुई में सुबह किसी बात को लेकर झठू और रामू के बीच विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों के बीच मारपीट हो गई। उसके बाद रामू की पत्नी पाना और जग्गन पहुंच गए और लाठी-डंडे से रामू की पत्नी और जग्गन झठू को पीटने लगे। इस दौरान किसी ने पूरी वारदात का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। मारपीट का वीडियो वायरल होते ही एसपी ने शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस वीडियो के आधार पर कार्रवाई के जुट गई। दोपहर बाद पुलिस ने झठू की तहरीर पर रामू, पाना और जग्गन के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि वायरल वीडियो व पीड़ित की तहरीर पर रामू, पाना और जग्गन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# फादर्स डे पर बेटे हिमांशु ने एनडीए क्वालीफाई कर पिता को दिया तोहफा



वेलकम इंडिया

प्रयागराज नैनी अऊअ कालोनी के रहने वाले हिमांशु कुमार तोमर ठऊअ क्वालीफाई किए हैं अब एयरफोर्स से जुड़कर पायलट बनकर देश की सेवा में अपना योगदान देंगे। फादर्सडे पर एक पिता के लिए इससे बड़े गर्व की बात क्या हो सकती है। हिमांशु के दोनो भाई पहले से सेना में कार्यरत हैं और देश के लिए अपनी सेवाऐं दे रहे हैं हिमांशु के फादर प्रयागराज धूमनगंज उफढऋ में दारोगा के पद पर तैनात है। आज सबसे छोटे बेटे का ठऊअ एयरफोर्स में सेलेक्शन हुआ है ढोल नगाड़े की थाप पर खुशी मनाते हुए जश्न मनाया जा रहा है।

# अभिनेता आशुतोष राणा ने पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की समाधि में दर्शन किए

वेलकम इंडिया



**कटनी** / आज ₹दद्दा जी₹ के कृपा पात्र शिष्य बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता, लेखक आशुतोष राणा जी दद्दा धाम पहुँचे। जहाँ उन्होंने पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी, पूज्य गुरुमाता जिज्जी की समाधि स्थल पर दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। श्री राणा जी के साथ वरिष्ठ गुरुभाई श्री सुनील दुबे श्री विनोद गोटिया, श्री सतीश राय, श्री भवानी मिश्रा जी ने भी गुरुदेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया इसके पूर्व आदरणीय गुरुभाइयों के कटनी पहुंचने पर शिष्य मंडल ने सभी का आत्मीय स्वागत किया इस अवसर पर कटनी शिष्य मंडल से डॉ सुनील त्रिपाठी पंडित नीरज त्रिपाठी श्री पूरन त्रिपाठी अशोक गोंडा अभिलाष दीक्षित दीपक दुबे मोहन केसरवानी राजभान सिंह भारत श्रीवास्तव नितिन पाठक, गोविंद पटेल अमित पांडे अभय ठाकुर आशीष तिवारी, संतोष गुप्ता राहुल गर्ग युवराज सिंह केपी सिंह सहित गुरुभाई उपस्थित थे उल्लेखनीय है कि 131 बार सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और महारुद्राभिषेक कराकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले पंडित देव प्रभाकर शास्त्री गृहस्थ संत थे। वे मध्यप्रदेश के साथ साथ पूरे भारतवर्ष में ₹दद्दा जी₹ के नाम से प्रसिद्ध थे। भक्तों के बीच मशहूर पंडित देव प्रभाकर शास्त्री ₹दद्दा जी₹ के विदेश एवं देश के राज्यों में लाखों शिष्य हैं। जिनमें बॉलीवुड अभिनेता से लेकर देश के बड़े नेता तक है। 5 साल पहले उनका देवलोक गमन हो जाने के बाद भी वह अपने अनुयायियों के हृदय में विराजमान है। ऐसे ही शिष्यों के द्वारा अपने गुरु का आशीर्वाद लेने के लिए कई जिलों में मंदिर बनवाकर श्री विग्रह विराजमान करवाकर नित्य उनकी पूजा अर्चना की जाती है। कटनी में दद्दा जी की प्रेरणा से दद्दा जी शिष्य मंडल भारतवर्ष द्वारा निर्मित सर्व सुविधायुक्त श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम, एवं समाधि स्थल का निर्माण किया गया है।

# गोवर्धन में जीव हत्या पर प्रतिबंध के लिए महापंचायत आज

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** गोवर्धन में गिरिराज तलहटी में जीव हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, लव जेहाद व धर्मांतरण के विरोध में हिंदू महापंचायत का आयोजन 17 जून को शाम चार बजे से राधाकुंड मार्ग स्थित गोविंद वाटिका पर किया जाएगा। इसी संदर्भ में मुरारीकुंज में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें महापंचायत की तैयारियों पर चर्चा की गई। श्याम सुंदर उपाध्याय ने कहा कि पावन भूमि पर जीव हत्या से श्रद्धालु और सनातनियों की भावना को ठेस पहुंचती है। इस भूमि को मांस, मदिरा और अंडा बिक्री से मुक्त किया जाए। धर्मांतरण को रोकना भी महापंचायत का उद्देश्य है। गोरक्षक दल के धीरज कौशिक ने कहा कि की किसी भी जीव की एक बूंद रक्त इस धरा पर गिरने नहीं देंगे।

नेत्रराज सिंह नीटू ने कहा कि महापंचायत में आगे की रणनीति बनाकर कार्य दिया जाएगा। करणी सेना के ठाकुर फतेह सिंह ने कहा कि जीव हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रेयस गुजराती, हेमंत शर्मा आदि ने भी अपने विचार रखे।

# वित्तीय मॉडलिंग में नवाचारों पर एमआईटी में छह दिवसीय अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ।** मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से प्रायोजित छह दिवसीय अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 16 जून से 21 जून 2025 तक ह्ववित्तीय मॉडलिंग में उभरते रुझानह्व विषय पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वित्तीय विश्लेषण और मॉडलिंग के क्षेत्र में शिक्षकों और शोधकताओं की दक्षता को नवीन दृष्टिकोणों से समृद्ध करना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्रीराम वाणिज्य महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोगी प्राध्यापक डॉ. आलोक कुमार ने प्रतिभागियों को वित्तीय योजनाओं और विवरण विश्लेषण की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने नवीनतम तकनीकों और औजारों की सहायता से वित्तीय आँकड़ों के विश्लेषण की आधुनिक विधियों पर भी प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में दयाल सिंह सायंकालीन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. नसीम अख्तर ने वित्तीय लेनदेन विश्लेषण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विषय को व्यावहारिक उदाहरणों द्वारा समझाते हुए प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से लगभग 50 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन विष्णु अग्रवाल, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ के.एल.ए. खान एवं प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने प्रतिभागियों को निरंतर सहभागिता के लिए प्रेरित किया तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर (डॉ.) अंकुर गोयल ने बताया कि आगामी सत्रों में कई विषय विशेषज्ञ एवं औद्योगिक क्षेत्र के अनुभवी व्यक्तित्व विचार साझा करेंगे। इन विशेषज्ञों में सम्मिलित हैं झ्र डॉ. अभिनव कटारिया (क्राइस्ट विश्वविद्यालय, दिल्ली-एनसीआर), डॉ. सुशील कुमार (गर्गी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय), रजिंदर चितोरिया (निदेशक, फ्रॉयो टेक्नोलॉजीज, नोएडा), डॉ. निकिता सिंघल (सहयोगी प्राध्यापक, आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ), आशीष कुमार (वरिष्ठ प्रभागीय प्रबंधक, स्टार स्वास्थ्य बीमा), अंकित अग्रवाल (क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक, कंसीरस इंडिया, नोएडा), डॉ. अनुराग माथुर (टीएमयू, मुरादाबाद) एवं डॉ. नारायण दीक्षित (व्यवसाय प्रमुख, रिलायंस समूह, मुंबई)। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक, मेरठ छावनी का औद्योगिक भ्रमण भी कार्यक्रम का भाग रहेगा। इस कार्यक्रम का समन्वयन प्रोफेसर (डॉ.) अंकुर गोयल तथा सह-समन्वयन डॉ. रविंद्र कुमार द्वारा किया जा रहा है। बीबीए विभाग की शिक्षिका साक्षी आहलूवालिया ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# टी0बी0 रोगियों को मिल रहा स्वयं सेवी संस्थाओं का साथ

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में जनपद हापुड़ में लगातार क्षय रोगी यो के सहयोग में संस्थाएं आगे आ रहीहैं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि इन सभी संस्थाओं में अग्रणी भूमिका श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट की रही है यह ट्रस्ट 2019 से लगातार टी 0बी0 रोगियों का सहयोग कर रहा है संस्थान द्वारा रोगियों के लिए एक डिस्पेंसरी का संचालन भी किया जा रहा है जहां पर टीवी रोगियों को सभी जांच व उपचार निशुल्क दिया जा रहा है डिस्पेंसरी के साथ-साथ संस्था द्वारा टी 0बी0 रोगियों को पोषण पोटली वितरण भी 2019 से लगातार किया जा रहा है जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि आरंभ में संस्था द्वारा केवल एम0डी 0आर के रोगियों को ही पोषाहार दिया जाता था लेकिन अब संस्था की डिस्पेंसरी में उपचार ले रहे सभी टी0वी 0रोगियों को पोषाहार दिया जा रहा है इसके साथ-साथ संस्था में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ समय समय पर टी0वी 0रोगियों के गृह भ्रमण कर उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्राप्त करते है इसके लिए संस्था द्वारा प्रत्येक मंगलवार का दिन नियत किया गया है जिसमें संस्था के लोग जाकर मरीजों में उनके परिवार से जानकारी प्राप्त करते हैं एवं उसकी रिपोर्ट संस्था कार्यालय में जमा करते हैं आज भारत सरकार के निर्धारित कार्यक्रम निः क्षय दिवस जो कि प्रत्येक मा की 15 तारीख को मनाया जाता है के अवसर पर संस्था द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 108 टी 0बी0 रोगियों को गोद लेकर पोषाहार वितरण किया गया जिसके अंतर्गत मरीज को प्रोटीन युक्त आहार प्रदान किया गया संस्था के अधिकारियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय को आश्वासन दिया।

## एएचटीयू एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम ने हापुड़ नगर, बाबूगढ़, सिम्भावली सहित चार बाल श्रमिकों को किया रेस्क्यू



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/ उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा बाल श्रम पर रोक लगाने को लेकर चलाई जा रही मुहिम के तहत एएचटीयू एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम के द्वारा हापुड़ नगर कोतवाली, बाबूगढ़ एवं सिभावली क्षेत्र में दुकानों होटलों कारखाने एवं वर्कशॉप पर बाल संरक्षण हेतु रेस्क्यू कर चार बाल श्रमिकों का रेस्क्यू किया गया। और प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही की गई।

# स्टार अल्ट्रासाउंड की एक गलत रिपोर्ट मरीज की जान के साथ हो रहा है खिलवाड़

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठः** जिले के मवाना नगर में स्थित स्टार रेडियोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर ने मरीज को गलत रिपोर्ट बनाकर दे दी, जो कि मरीजों के साथ खिलवाड़ नजर आता है। गलत रिपोर्ट से गलत इलाज होगा जिससे मरीज को अन्य शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं दरअसल अस्सा निवासी एक युवक ने सीएमओ मेरठ, डीएम व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए बताया की ग्राम अस्सा थाना बहसूमा निवासी अपनी पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराने स्टार अल्ट्रासाउंड पहुंचा जहां पर उसे अल्ट्रासाउंड में 40.4 एमएम की पथरी की रिपोर्ट आई और डॉक्टर ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी।

अस्सा निवासी जब अपनी पत्नी को लेकर मेरठ ऑपरेशन कराने के लिए पहुंचा तो डॉक्टर ने रिपोर्ट देखी और कहां की कितना पेन हो रहा है तो बताया कि दर्द तो है डॉक्टर को डाउट हुआ दोबारा अल्ट्रासाउंड के लिए बोला जब दोबारा मेरठ में अल्ट्रासाउंड कराया तो मात्र 4 एमएम की पथरी आई यदि डॉक्टर स्टार रेडियोलॉजी अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखकर ही ऑपरेशन कर देते तो मेरी वाइफ का गलत ऑपरेशन हो जाता और बताया कि ऑपरेशन के डर से मेरी पत्नी कई दिन तक डिप्रेशन में रही कि मेरा ऑपरेशन होने वाला है जब इस संबंध में पीड़ित ने जब घटनाक्रम के बारे में संचालन करता को अवगत कराया तो पीड़ित का आरोप है कि संचालन करता ने भी उनके साथ अभद्रता से बात की कहां की जहां तुझे शिकायत करनी है कर ले पीड़ित ने जिसकी शिकायत सीएमओ मेरठ अशोक कटारिया डीएम व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। वहीं सीएमओ ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मामला संज्ञान में आया है टीम गठित की गई है जांच की जा रही है।

## तीर्थनगरी बृजघाट में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत नगरपालिका की तीसरी आंख (सीसीटीवी) कैमरे बंद तीर्थ नगरी की सुरक्षा रामभरोसे

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तीर्थ नगरी बृजघाट मैं दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत नगर पालिका के द्वारा लगाई गई ।तीसरी आंख (सीसीटीवी) कैमरे बंद है। जिसके चलते असामाजिक तत्वों की गतिविधियां सक्रिय होने लगीं हैं ।जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने 16 जून को मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने को लेकर आए एक श्रद्धालु की मोटरसाइकिल फौहारा चौक से चोरी कर ली गई। जिसके बाद श्रद्धालु पालिका के गेट पर लगे केमरे की फुटेज देखनें पहुंचा। तो उसे वहां मौजूद कर्मचारी ने कैमरे बन्द होने का हवाला देकर वापिस भेज दिया। गौरतलब रहे कि गंगा नगरी बृजघाट में हर पंद्रह दिन में अमावस्या पूर्णिमा का मेला लगता है। जिसमें दूर दराज से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। और इन सभी तथ्यों के मद्देनजर श्रद्धालुओ की सुरक्षा पर सवाल खड़ा होता है। चूंकि सीसीटीवी कैमरे बंद है। और इस दौरान यदि कोई भविष्य में कोई घटना घटित हो जाती है तो उसका खुलासा कर पाना पुलिस के लिए मुश्किल होगा।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपए के चैक आश्रित परिवारों को सहायता राशि के रूप में किए वितरण



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद की कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़ में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण सहायता योजना के अंतर्गत आश्रित परिवारों को सहायता राशि का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद गौतमबुधनगर में संचालित माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। सजीव प्रसारण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के आश्रित परिवारों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ सहायता राशि का वितरण माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया। संजीव कार्यक्रम के उपरांत हापुड़ के लाभान्वित कृषकों आर्थिक परिवारों को पांच लाख रुपयों के चैक सहायता स्वरूप वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में जागरूक किया और सभी से आग्रह किया कि जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि, जिला अध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय सहित संबंधित अधिकारी व कृषक लाभार्थी उपस्थित रहे।

## भैंसा बुग्गी और बाइक की टक्कर में एक की मौत दूसरा घायल



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव पंजोखरा के समीप भैंसा बुग्गी और बाइक सवार दो युवको की टक्कर हो जाने से एक युवक की मौत हो गई दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया है। बागपत जनपद के गांव सबका निवासी अक्षय पुत्र विजेंदर और उपेंद्र पुत्र राजवीर बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के गांव जसाला स्थित अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। गत दिवस रविवार की देर शाम दोनों युवक बाइक पर सवार होकर गांव पंजोखरा में अपनी दूसरी रिश्तेदारी में जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित एक मैरिज होम के समीप पहुंचे तो भैंसा बग्गी के साथ बाइक की टक्कर हो गई थी। भैंसा बुग्गी से बाइक की टक्कर होने पर दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे एंबुलेंस कर्मचारियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए कांधला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था।

## छिजारसी चौकी इंचार्ज की पुलिस टीम ने बंद पड़ी फैक्ट्री से चोरी करने वाले दो चोरों को दबोचा


**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र की छिजारसी चौकी इंचार्ज वरुण कुमार सिंह की पुलिस टीम ने दो ऐसे चोरो को रंगे हाथों पकड़ा हैं जो बंद पड़ी फैक्ट्री को निशाना बनाकर उनमें चोरी करते थे और धीरे-धीरे सामान चोरी कर राह चलते कबाड़ियों को बेचकर अपना शौक पूरा करते थे पुलिस ने दोनों को तबोचा। पकड़े गए दोनों चोर बृजमोहन पुत्र स्व० मुकेश निवासी गांव गालंद, दूसरा अभियुक्त इसरार पुत्र शौकत अली निवासी गांव हावल थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के निवासी हैं पकड़े गए चोरों के कब्जे से चोरी का सामान और हजारों रुपए बरामद किए हैं ।यह दोनों चोर पुलिस ने एनसीआर पेट्रोल पंप के पास झाड़ियां वाले बिजली के खंबे के पास से गिरफ्तार किए हैं पुलिस पूछताछ में बृजमोहन ने बताया वह कई सालों से बंद पड़ी आरएस फैक्ट्री में चौकीदार का काम करता है यह फैक्ट्री करीब 25 साल से बंद पड़ी है इसके मालिक आते नहीं है उसी का फायदा उठाकर अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं पिलखुवा की छिजारसी चौकी इंचार्ज की पुलिस टीम ने की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो लोगों गिरफ्तारी कर जेल भेजा जा रहा है।

# प्रोजेक्ट अलंकरण की मैचिंग धनराशि के लिए सांसद पप्पू निषाद से मिले प्रधानाचार्य दुधारा

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा के प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी विद्यालय प्रतिनिधि मण्डल के साथ खलीलाबाद सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद से उनके बेलहर स्थित आवास पर मिले। श्री द्विवेदी ने मुलाकात के दौरान प्रोजेक्ट अलंकरण की मैचिंग धनराशि, कम्प्यूटर कक्ष, लाईब्रेरी कक्ष, बाउंड्रीवाल, सोलर लाइट, ओपेन जिम व शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट की मांग की। सांसद पप्पू निषाद ने विद्यालय का हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। कहा कि ओपेन जिम व आरओ प्लांट का प्रस्ताव भेजा गया है। श्री द्विवेदी ने बताया कि ए. एच. एग्री. इंटर कालेज, दुधारा 1971 से उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता व अनुदान प्राप्त अल्पसंख्यक संस्था है। विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक (इंटरमीडिएट विज्ञान व कला वर्ग) की पढ़ाई होती है। वर्तमान समय में विद्यालय में 1500 से अधिक छात्राएं अध्ययन कर रही है। विद्यालय खेल मैदान को तीन तरफ से खुला हुआ है, जिससे विद्यालय परिसंपत्तियों की सुरक्षा का खतरा बना रहता है। छात्र व विद्यालय हित में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जाना नितांत जरूरी है। विद्यालय में स्मार्ट क्लास,कंप्यूटर कक्ष, पुस्तकालय व विद्यालय गेट का निर्माण कराया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के खेल कूद आदि गतिविधियों के संचालन के लिए ओपन जिम की स्थापना शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आर.ओ. प्लांट लगाया जाए। विद्यालय परिसर में रात्रि कालीन व्यवस्था को संचालित करने के लिए 4 सोलर लैंप लगाए जाएं।

# संपत पाल पहुँची संघर्ष सेवा समिति कार्यालय, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में गढ़े जायेंगे नये आयाम

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** गुलाबी गैंग भारत का महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में व्यापक समूह है, जो अपनी गुलाबी साड़ियों और बांस की छड़ियों के लिए जाना जाता है, जिसकी स्थापना 2006 में उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में संपत पाल देवी ने की थी। संपत पाल ने संगठन की शुरूआत बांदा जिले में महिलाओं की दुर्दशा को देखते हुए की थी जो हिंसा और गरीबी की उच्च दर के लिए जाना जाता है। उनका उद्देश्य शक्तिहीनों की रक्षा करना, भ्रष्टाचार से लड़ना और गरीबों के बुनियादी अधिकारों को सुनिश्चित करना है। धीरे-धीरे यह संगठन लगातार लोकप्रिय होता गया और संगठन में हजारों की संख्या में महिलाएं सम्मिलित हो गई। गुलाबी गैंग की ख्याति को देखते हुए इस समूह पर एक फिल्म भी बनाई जा चुकी है। गुलाबी गैंग की संस्थापक संपत पाल अपने कार्यकताओं के साथ संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुँची जहाँ उनकी डॉ० संदीप से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। डॉ० संदीप ने आश्वासन दिया संघर्ष सेवा समिति महिला सशक्तिकरण के लिए गुलाबी गैंग के साथ जुड़कर झाँसी और आसपास के क्षेत्र में वृहद स्तर पर कार्य करेगी। वहीं संपत पाल ने डॉ० संदीप को छोटे भाई के रूप में अंगीकार कर आजीवन सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा डॉ० संदीप समाजसेवा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं आज मुझे डॉ० संदीप के रूप में छोटा भाई मिला। हमारा उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना एवं उनकी आधारभूत आवश्यकताओं के लिए रोजगारपरक बनाना है साथ ही महिला सुरक्षा के लिए भी हम लगातार कार्य कर रहे हैं।

# अपर जिलाधिकारी ने जनता दरबार मे सुनी जनसमस्याएं 29 शिकायतें हुई दर्ज

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित जनता दरबार में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सम्मुख रखी।अपर जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को गम्भीरता बरतते हुए। तत्काल समस्याओ का निराकरण करने, किसी भी समस्या को लेकर आने वाले फरियादियों को आवश्यक कार्यालयों के चक्कर कटवाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।जनता दरबार में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा 29 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रमुख शिकायतों में सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, पेयजल आपूर्ति, विद्युत बिल, बीएसएनएल सेवाएं तथा वृक्ष कटान जैसी जनसमस्याएं शामिल रहीं। जनता दरबार में मल्लीधार सड़क निर्माण, आमखेत निवासी चंचल सिंह ने तुन नामक वृक्ष की कटान, दफौट निवासी ममता देवी ने दफौट-बनकोट मार्ग, मदगोपेश्वर की बीना देवी ने बेनाप भूमि कब्जा व अवैध निर्माण, मंडलसेरा निवासी रमेश राम ने सेवानिवृत्ति उपरांत बकाया भुगतान, टकनार निवासी सकत सिंह ने अगस्त 2024 से बिजली बिल न मिलने, बिलोंनासेरा निवासी रमेश प्रकाश ने बीएसएनएल टावर की देखभाल, पुड़कुनी निवासी बिशन सिंह ने आवास उपलब्ध कराने, बसकुना निवासी रमेश सिंह ने गांव में पलायन रोकने हेतु फूलों की खेती के प्रस्ताव संबंधी समस्याएं रखीं।अपर जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर उपस्थित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए और समाधान में कोई ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से विभागों के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए अधिकारियों को सजग और उत्तरदायी रहना होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि एक ही शिकायत बार-बार न आए, यह सुनिश्चित करें। कार्यों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता जरूरी है। प्रत्येक अधिकारी शिकायतों का नियमित फॉलोअप करें और कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार शासन-प्रशासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, जिससे अधिकारियों को सीधे जमीनी समस्याओं की जानकारी मिलती है और आमजन को भी समाधान की आशा और भरोसा मिलता है। हमारी पहली प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान है, और इसी सोच के साथ जनता दरबार का आयोजन किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे जनता के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण रखें और समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें।

## बागेश्वर पुलिस की नशे के विरुद्ध कार्यवाही

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिले में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को एक अभियुक्त को अवैध चरस के साथ पकड़ने में सफलता मिली है।कोतवाली पुलिस को चेकिंग के दौरान एक युवक संदिग्ध दिखा।कोतवाल कैलाश नेगी ने पुलिस कर्मियों को गहनता से जांच के आदेश दिए।चेकिंग के दौरान जोध सिंह पाण्डा पुत्र पुष्कर सिंह निवासी ग्राम लाहुर थाना कपकोट उम्र 40 वर्ष के कब्जे से 258 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई।बताया जा रहा है कि युवक कई बाहर नौकरी करता था वह अपने घर से नौकरी के लिए वापस लौट रहा था। जहाँ पुलिस को जांच में युवक के पास से अवैध चरस मिली।जिसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की 43/25 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जहां मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।आरोपी को गिरफ्तार करने वालों में कोतवाल कैलाश नेगी,अपर उप निरीक्षक प्रदीप सिंह गर्ब्याल, हेड कांस्टेबल सुरेश चन्द्र,सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# रेड क्रॉस सोसायटी बागेश्वर के संस्थापक सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार ने रक्तदान कर बचाई मासूम की जान


**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** वरिष्ठ पत्रकार और पत्रकार संगठन एन्युजे( आई )के वरिष्ठ सदस्य एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के जिले में संस्थापक सदस्यों में रहे प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता अशोक लोहनी ने रक्तदान करके एक मासूम की जान बचाई।इससे पहले भी वे कई बार रक्तदान करके कइयों की जान बचा चुके हैं। अब तक वे54 बार रक्तदान कर कई मरीजों को रक्तदान देकर जीवनदान दे चुके हैं।साथ ही प्रदेश भर में कई भी किसी जरूरतमंद मरीज को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर स्वयं मरीज के तीमारदारों से सम्पर्क कर उन्हें उस जिले के स्वयंसेवियों की सहायता से रक्त दिला देते हैं।सोमवार की श्री लोहुमी को सूचना मिली कि एक मासूम को रक्त की आवश्यकता है जिस पर वे तुरंत ब्लड बैंक पहुंचे तथा रकतदान किया। उल्लेखनीय है कि श्री लोहुमी इससे पहले भी हल्द्वानी, एवं बागेश्वर मैं कई बार रक्तदान कर चुके हैं। श्री लोहुमी ने जनपद में ब्लड बैंक की स्थापना से पूर्व जनपद में अल्मोड़ा व रानीखेत के ब्लड बैंक प्रभारियों से संपर्क करके जनपद में कई रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं। तथा जनपद के पहला रक्तदान शिविर उनके नेतृत्व में उनके व्यक्तिगत प्रयास सै उस वक्त लगा जब लोग इसके प्रति जागरूक न थे ।उनको इस कार्य के लिए कई संस्थाओं ने भी सम्मानित किया है।

# ईसार रजा खान ने नीट परीक्षा में लहराया परचम

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां के गांव देवरियालाल के ग्राम प्रधान साजिद खान के छोटे भाई ईसार रजा खान ने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने नीट परीक्षा में 720 में 550 अंक प्राप्त किये हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड गयी है।

इरशाद अहमद, इसरार अहमद, गोविंद कुमार, हबीबुर्रहमान, अमित चौधरी, अबरार अहमद, प्रेमनाथ चौधरी, मुहम्मद रमजान, मुहम्मद परवेज अख्तर, इब्राहिम सिद्दीकी, रियाज अहमद आदि दर्जनों लोगों ने शुभकामनायें दी हैं।

# पहली बारिश में ही डूबा बरेली, सड़कों से लेकर सरकारी दफ्तरों तक भरा पानी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** रविवार रात बरेली में हुई तेज बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी। हाईवे से लेकर मोहल्लों तक पानी-पानी हो गया। हालात ये रहे कि कॉलोनियों के पार्क तालाब बन गए और कई इलाकों में सड़कें धंस गईं। शहर के सुभाषनगर, हजियापुर, चौपुला, मॉडल टाउन, अयूब खां चौराहा और डेलापीर जैसे क्षेत्रों में हालात सबसे गंभीर रहे। मॉडल टाउन में मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के चलते अधूरी पड़ी सड़कों पर बारिश का पानी भर गया, जिससे कई लोग गिरकर चोटिल हो गए। वहीं दीपमाला अस्पताल और पटेल चौक के पास सड़कों का धंसना लोगों के लिए आफत बन गया। रविवार रात से शुरू हुई तेज बारिश के चलते शहर की निचली बस्तियों में पानी भर गया। सुभाषनगर की पुलिया पर जलभराव के कारण आवागमन बाधित रहा। यहां की करीब डेढ़ लाख की आबादी प्रभावित हुई। जगतपुर, राजेंद्र नगर, हजियापुर और सिकलापुर जैसे क्षेत्रों के दर्जनों घरों और दुकानों में बारिश का पानी घुस गया। बारिश से एसएसपी कार्यालय भी अछूता नहीं रहा। परिसर में पानी भर गया। वहीं, रेल संचालन भी बाधित हुआ। बरेली सिटी और जंक्शन के बीच रेलवे ट्रैक पर चार फीट तक पानी भर गया, जिससे बरेली-कासगंज रेलखंड पर पांच ट्रेनें बीच रास्ते में रोकनी पड़ीं। रेलवे प्रशासन ने सिटी स्टेशन के पास पंपसेट लगाकर पानी निकालने की कवायद शुरू की है। निगम ने दावा किया था कि आठ जून तक सभी नालों की सफाई पूरी कर ली जाएगी, लेकिन पहली ही तेज बारिश ने तैयारियों की पोल खोल दी। स्मार्ट सिटी योजना के तहत बनी सड़कें भी धंस गईं। अयूब खान चौराहे के पास दो स्थानों पर मुख्य मार्ग धंस गया, जिससे बड़ा गड्ढा बन गया। मॉडल टाउन के ई ब्लॉक में गुरुद्वारे के पास स्थित कई घरों में पानी घुस गया। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि छह महीने पहले सड़क खोद दी गई थी, मगर अब तक निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। सोमवार सुबह जब लोग अपने दफ्तरों के लिए निकले तो जगह-जगह जलभराव और कीचड़ से दो-चार होना पड़ा।

## विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवास एक विवाहित महिला ने अपने पति पर तीन तलाक का दबाव बनाने एवं सास,ससुर और नंनद पर जहरीले पदार्थ का सेवन देकर मारपीट कर जिंदा जलाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी विवाहिता महिला इसराना पुत्री जमशेद ने बताया कि उसकी शादी कई वर्ष पूर्व पानीपत जिले के गांव नीमरी निवासी वसीम पुत्र ईनाम के साथ कई वर्ष पूर्व हुई थी। पीड़िता का आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद से उसका पति एवं ससुराल वाले पीड़िता का शारीरिक वह मानसिक उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध बना रखे हैं और दूसरी शादी करना चाहता है पीड़िता का पति आए दिन मारपीट करते हुए उस पर तीन तलाक देने का दबाव बनाता है। पीड़िता की सास, ससुर और नंनद ने उसे जहरीला पदार्थ देखकर कई बार मारने का प्रयास किया। दो दिन पूर्व पीड़िता के सांस और ससुर गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गए, और आरोपियन इसके बच्चे भी छीन लिए पीड़िता ने मामले की जानकारी मायके के पक्ष को दी। विवाहित महिला ने पीड़ित परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आरोपी पति व ससुरालयों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति की हुई मौत

**कांधला।** थाना क्षेत्र के भारसी गांव के अंडरपास के समीप गांव निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति की सहारनपुर से दिल्ली जा रही ट्रेन की चपेट में आने से कट कर दर्दनाक है मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस और चौकी पुलिस ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। परिजनों में कोहराम मच गया परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए और गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी पचास वर्षीय ग्रामीण नरेश कश्यप देर रात किसी कार्य से गांव के अंडरपास के समीप रेलवे ट्रैक किनारे टहलने के लिए गया था। तभी सहारनपुर से दिल्ली जा रही ट्रेन संख्या 640 21 की चपेट में आने के बाद ग्रामीण की मौके पर ही कट कर दर्दनाक है मौत हो गई। ट्रेन के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ग्रामीण को बचाने का प्रयास किया और ट्रेन चालक ने हादसे की जानकारी जीआरपी पुलिस को दी। घटनास्थल पर जीआरपी पुलिस और चौकी पुलिस पहुंच गई पुलिस ने मृतक व्यक्ति की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। उक्त व्यक्ति की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर परिजन भी पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस को कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया जीआरपी पुलिस और चौकी पुलिस ने संयुक्त रूप से शव का पंचायतनामा भरते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक व्यक्ति का गांव के श्मशान घाट में ले जाकर सोमवार को दाह संस्कार कर दिया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# मौलाना तौकीर रजा के भड़काऊ बयान से गरमाया बरेली का माहौल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां एक बार फिर अपने भड़काऊ बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं। रविवार को दिए गए बयान में मौलाना ने बजरंग दल को ह्यआतंकी संगठनह्ण और ह्यकुत्ताह्ण जैसे आपत्तिजनक शब्दों से संबोधित किया। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मौलाना की जमानत निरस्त कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की। तौकीर रजा ने रविवार को मुस्लिम समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में गिरफ्तारी देने की घोषणा की थी, लेकिन पुलिस ने ऐन वक्त पर उन्हें घर से बाहर ही नहीं निकलने दिया। पुलिस और मौलाना के बीच सीढ़ियों पर ही तीखी बहस हो गई। इस दौरान तौकीर रजा ने आरोप लगाया कि सरकार ह्लहिंदू बनकरह्व काम कर रही है और मुसलमानों को दबाया जा रहा है। हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि तौकीर रजा का यह पहला विवादित बयान नहीं है। इससे पहले उन्होंने हिंदू लड़कियों को मुस्लिम युवकों से शादी कराने की अपील की थी। उनकी पार्टी के नेता नदीम कुरैशी पर भी बजरंग दल को लेकर आपत्तिजनक बयान का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसके बाद उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी।

# हमारा प्रयास निर्दोष व्यक्ति न जाए जेल: नवीन शुक्ला

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**



**लखनऊ,** बक्शी का तालाब। फर्जी गैंगरेप केस में अदालत के सख्त फैसले ने न केवल झूठ को बेनकाब किया, बल्कि ईमानदार और निर्भीक पुलिसिंग की भी एक मिसाल कायम की है। इस केस की जांच अधिकारी सीओ नवीना शुक्ला ने जिस सूझबूझ, निष्पक्षता और साहस के साथ केस की परतें खोलीं, वह उत्तर प्रदेश पुलिस में एक मिसाल के तौर पर दर्ज हो गया है। 4 अक्टूबर 2022 को दर्ज कराए गए कथित गैंगरेप केस में महिला ने कई गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन *सीओ नवीना शुक्ला* ने तथ्यों, साक्ष्यों और परिस्थितियों के आधार पर पूरे मामले की बारीकी से जांच की। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने हर पहलू को खंगाला और अंततः यह साबित कर दिया कि मामला पूरी तरह से झूठा और पूर्व नियोजित था। विशेष एससी/एसटी कोर्ट ने सोमवार को अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए महिला को 7 साल 6 महीने की सश्रम कैद सजा सुनाई। अदालत ने अपने फैसले में जांच अधिकारी सीओ नवीना शुक्ला की निष्पक्ष कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि ₹ऐसे अफसर ही न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। स्थानीय निवासियों ने भी सीओ नवीना शुक्ला के कार्य की खुलकर तारीफ की है। लोगों का कहना है कि ₹जब सच को बिना किसी दबाव के सामने लाने वाले अफसर सिस्टम में होते हैं, तभी आम आदमी का भरोसा बना रहता है। यह फैसला एक अहम सामाजिक संदेश देता है कि जहां एक ओर महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता है, वहीं कानून का दुरुपयोग करने वालों के लिए अब कोई जगह नहीं बची है। इस फैसले और नवीना शुक्ला की निष्पक्ष जांच को समाज एक नजीर और प्रेरणा के रूप में देख रहा है।

# भाई और भाभी पर मारपीट कर घायल करने का आरोप



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के मोहल्ला शेखजादगान में नाली की सफाई को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई आरोप है कि एक भाई ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी सुधीर पुत्र बिलेन्दर ने बताया कि सुबह सवेरे उसकी भाभी अनीता पत्नी संदीप घर के बाहर नाली की सफाई कर रही थी आरोप है कि नाली की सफाई करने के बाद कूड़े का ढेर पीड़ित के घर के बाहर लगा दिया। आरोप है कि जब पीड़ित वह उसकी पत्नी ने कूड़ा डालने से मना किया तो उसकी भाभी वह भाई संदीप ने मिलकर पीड़ित पर लाठी डंडों से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया।शौर शराबा होने पर मोहल्ले के लोग भी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और घायल युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अपने भाई और भाभी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## बुंदेलखंड राज्य का समर्थन नहीं करने पर उन्नीस विधायक एवं पांच एम. एल. सी. के प्रतीकात्मक सामूहिक पुतला फूंका

**वेलकम इंडिया**

**झांसी ।** बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के तत्वावधान में मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के उन्नीस विधायक व पाँच एम एल सी के प्रतीकात्मक सामूहिक पुतला कचहरी के पास फूँके गये बहुत सहा है अब ना सहेंगे, बुन्देलखण्ड तो ले के रहेंगे ₹ एवं ₹बुन्देलखण्ड तो लेगे लेंगे, जैसे दोगे बैसे लेगें ₹ के गगन भेदी नारे लगाते हुए गाँधी पार्क से जुलूस के रूप मे पुतला हाथ मैं लेकर मोर्चा के योद्धा पंडित चौराहे पर पहुंचे जहां पुतले को दहन कर दिया गया। पुतला दहन उपरान्त महिलाओं एवं मोर्चा की योद्धाओ ने परिक्रमा करते हुए पुनः नारे बाजी की यू पी बुन्देलखण्ड के विधायक शर्म करो बुन्देलखण्ड राज्य की मांग करो । पुतला जलाने के उपरान्त मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय ने कहा कि आज जिन विधायकों के पुतले फूँके गये है उन्हें अनेकों बार पत्र देकर मेल,बा्टसोप व डाक के जरिए निवेदन किया गया कि विधानसभा में प्राईबेट मेम्बर बिल रखे एवं एक पत्र प्रधानमंत्री को बुन्देलियो की भावनाओ से अवगत कराते हुए इस आशय से लिखे कि बुन्देलखण्ड राज्य अति शीघ्र बना दिया जाये । चुंकि इन विधायकों को अपनी कार गुजारिशों के चलते इतना डर है, कि ये अपनी बात कह पाये ऐसा लगता है कि उक्त विधायकों को सत्ता का भी डर है जिससे ये अपनी बात नहीं कह पा रहे हैं।

# आयुष मेले में जनमानस ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025) के पूर्व कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को ब्लॉक सभागार बागेश्वर में आयुर्वेद विभाग द्वारा एक वृहद आयुष मेले का भव्य आयोजन किया गया।आयुष मेले में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा जनजागरूकता एवं उपचार संबंधी विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनमें आयुर्वेदिक औषधियों की जानकारी, होम्योपैथिक परामर्श, यूनानी चिकित्सा, पोषण परामर्श, जीवनशैली सुधार, योग आसनों का प्रदर्शन, औषधीय पौधों का वितरण, और जनस्वास्थ्य जागरूकता संबंधी सामग्री प्रदर्शित की गई। स्टॉलों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और उन्होंने विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद कर अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए।मेले में पंचकर्म चिकित्सा, स्त्री रोग चिकित्सा, बाल रोग चिकित्सा, जलौका द्वारा रक्तमोक्षण, क्षार सूत्र चिकित्सा, मर्म चिकित्सा, रक्त परीक्षण, योग परामर्श, जड़ी-बूटी प्रदर्शनी, एवं जीवनशैली रोगों के नियंत्रण हेतु आयुर्वेदिक परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों को व्यक्तिगत परामर्श एवं उपचार भी प्रदान किया गया।दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि योग और आयुर्वेद अब केवल पारंपरिक विधाएं नहीं रही, बल्कि इनके वैज्ञानिक प्रमाण सामने आने के बाद पूरी दुनिया एक बार फिर इन प्राचीन पद्धतियों की ओर लौट रही है। उन्होंने योग को अपनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियाँ आम होती जा रही हैं, जिनसे बचाव एवं प्रबंधन के लिए योग और आयुर्वेद अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से नियमित योग अभ्यास करने तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने की अपील की।

# विद्युत संबंधी समस्याओं का निस्तारण करने के लिए नगर पालिका में बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती तथा विद्युत संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए सभासदों तथा ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली के माध्यम से अधिशासी अभियंता पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड मोदीनगर महेश उपाध्याय से नगर पालिका में आयोजित एक समाधान बैठक में चर्चा की। ग्रामीणों का आरोप था कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा अप्रत्याशित तौर से कटौती की जा रही है जिसके चलते न सिर्फ ग्रामीणों का आम जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है वही खेती किसानी में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका सभासदों की अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय से शिकायत थी कि पालिका क्षेत्र के वार्डों में बेतहाशा घोषित कटौती से आम जनता त्रस्त है। अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने सभी की शिकायत सुनकर उनका संतोष पूर्ण जवाब दिया। अधिशासी अभियंता के अनुसार नगर में नए फीडर स्थापित किए गए हैं जिन्हें जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा इसके बाद विभिन्न इलाकों में आ रही विद्युत संबंधी समस्याओं का निस्तारण हो सकेगा। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने शिकायतकताओं को आश्वासन दिया कि जल्द ही विद्युत संबंधी सभी समस्याओं का निस्तारण विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा कर दिया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने अधिशासी अभियंता से कहा की विद्युत कटौती की जानकारी नगर पालिका को उपलब्ध कराई जाए जिससे ट्यूबवेल पर कटौती के समय जनरेटर की व्यवस्था पालिका द्वारा कराई जा सके उन्होंने कहा कि विद्युत कटौती के कारण नगर में पानी की सप्लाई बाधित हो जाती है जिसके चलते नगर वासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# वीरेंद्र यादव समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश महासचिव बनाए गए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर निवासी वीरेंद्र यादव को समाजवादी मजदूर सभा का प्रदेश महासचिव मनाया गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति से मोदीनगर निवासी वीरेंद्र यादव को समाजवादी मजदूर सभा का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। मनोनीत पत्र में वीरेंद्र यादव से कहा गया है कि आप समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाते हुए संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करेगे। वीरेंद्र यादव को समाजवादी मजदूर सभा का प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं में खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि वीरेंद्र यादव को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर संगठन को मजबूती मिलेगी।

# मोहम्मद असलम के जन्मदिन पर सोशल मीडिया से लेकर मुलाकातों तक बरसीं शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में जनहित से जुड़े मुद्दों को मुखरता से उठाने वाले पत्रकार मोहम्मद असलम का जन्मदिन सोमवार को आत्मीयता और उत्साह के साथ मनाया गया। 16 जून 1998 को जन्मे असलम को सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत मुलाकातों तक लोगों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं पत्रकारिता जगत से जुड़े साथियों, समाजसेवियों और युवा वर्ग ने उन्हें दिल से बधाई दी। सुबह से ही फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर मोहम्मद असलम को जन्मदिन की बधाइयों का तांता लग गया। शुभचिंतकों ने उनके साथ बिताए पलों को साझा करते हुए उनके पत्रकारिता कार्यों की सराहना की। वहीं कई साथी, उन्हें व्यक्तिगत रूप से मिलकर बधाई देने पहुंचे और मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मोहम्मद असलम पत्रकारिता जगत में एक जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने कम उम्र में ही पत्रकारिता को अपना मिशन बनाते हुए, समाज के जमीनी मुद्दों को प्राथमिकता दी।

# बार एसोसिएशन मोदीनगर की कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** बार एसोसिएशन मोदीनगर की कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि बार एसोसिएशन मोदीनगर वर्ष कार्यकारणी 2025-2026 के वार्षिक चुनाव हेतू निम्न पदो पर प्रत्याशियों के नामांकन प्राप्त हुए है। जिनमें अध्यक्ष पद हेतू जगवीर सिहं एडवोकेट,वरिष्ठ उपाध्यक्ष-, उपाध्यक्ष अयागुददीन खान, सचिव- नकुल त्यागी एडवोकेट, सह सचिव.., कार्यकारणी - नितिन कुमार एडवोकेट व रणवीर सिहं एडवोकेट, के नामांकन प्राप्त हुए हैं। नामांकन करने की 17-06-2025 भी नियत है। जिस पर विभिन्न प्रत्याशियों के आने की संभावना है। मुख्य चुनाव अधिकारी उत्तम कुमार त्यागी एडवोकेट ने बताया कि सहयोगी चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल चौधरी व रविन्द्र कुमार व विक्रांत कुमार व अरूण दहिया का इस कार्य में पूर्ण सहयोग रहा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा वी0वी0आई0पी0 एड्रेसेज राजनगर एक्सटेंशन में आयोजित किया गया। महिला अपनी समस्या टोल फ्री नम्बर 51100 पर करे चंचल गुप्ता पैनल अधिवक्ता। गाजियाबाद- उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला जज आशीष गर्ग अध्यक्ष जनपद न्यायधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के नियंत्रण कुमार मिताक्षर सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के आदेश की देखरेख पर प्रथम सुगम्यता समिति के उद्देश्य हेतू दिव्यांग व्यक्तियों महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अधिक सुगम्यता का मार्ग प्रशस्त करना है। निर्मित वातावरण में समान पहुंच एंव समावेशित सुनिश्चित करना दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों ओर कल्याण को बढ़ावा देने का एक मूलभूत पहलू है। शिविर का संचालन अधिवक्ता पैनल अधिवक्ता डा0 सविता त्यागी व प्रवीण चौधरी द्वारा किया गया। शिविर की अध्यक्षता कुमार मिताक्षर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के द्वारा की गयी। जिसमें जनता की समस्याएं सुनी गयी। पैनल अधिवक्ता सविता त्यागी, व पैनल अधिवक्ता चंचल गुप्ता, ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाए, वृद्धावस्था पेंशन योजना, माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण एवं कल्याण अधि0 2007 तथा भारतीय संविधान के तहत अनु0 21,41 के तहत उनके मूल अधिकारों तथा हेल्पलाईन नं0 51100 नाल्सा से अवगत कराया। विचित्र कुमार असिस्टेंट लीगल एण्ड डिफेन्स काउंसिल अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महिलाओं किस प्रकार साहयता कर सकती है। महिलाओं व गरीब व्यक्तियो को किस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता मिल सकते है। शिविर में पैनल अधिवक्ता चंचल गुप्ता तथा पैनल अधिवक्ता सुमन सिंह भी रही।

# बघेल समाज जिला अध्यक्ष बने लाखन सिंह



वेलकम इंडिया

राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित) । बघेल? समाज की महत्वपूर्ण बैठक बघेल? छात्रावास जीटी रोड पर आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से राजाखेड़ा गडरपुरा निवासी लाखन सिंह बघेल? उर्फ बबलू को बघेल समाज का जिला अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर जिला अध्यक्ष बघेल ने कहा कि मैं समाज के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करूंगा।? तथा आगामी 29 जून को बघेल समाज के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का बघेल छात्रावास पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा ।साथ शहीद रामकिशोर बघेल की स्मृति पर छात्र छात्रा सम्मान समारोह भी आयोजित किया जायेगा ।जिसमें बघेल समाज के बर्ष 2025 में 10 वी 12वी 80% से अधिक उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राएं उत्तीर्ण हुए एवं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट खिलाड़ी , नवनियुक्त समाज के कर्मचारियों का भी सम्मान किया जाएगा।

# आमजन को करें जागरुक, पारम्परिक जलस्त्रोतों का करें रखरखाव : प्रभारी मंत्री

वेलकम इंडिया




**धौलपुर राजस्थान ।** प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि जल संरक्षण का काम पुण्य का काम है, इसे पूरे मनोयोग से करें। यह अभियान महज एक राजकीय कार्यक्रम न होकर एक जन अभियान है, इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर जल एवं समग्र पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करें। प्रभारी मंत्री सोमवार को सैंपऊ पंचायत समिति सभागार में आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

बैठक में उन्होंने कहा कि जो सहभागी विभाग है, वे अपने-अपने विभाग की जिम्मेदारी निभाएं। समस्त विभाग मिलकर जन जागृति के लिए कार्य करें। रात्रि चौपाल के माध्यम से भी लोगों को जल संरक्षण का संदेश दे। श्रमदान, पौधारोपण एवं स्वच्छता के कार्य करवायें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परम्परागत जल स्त्रोत बावड़ियों, तालाबों, बांधों एवं अन्य जल स्त्रोतों की सफाई और उनके संरक्षण की दिशा में जो कदम बढाया उसे हम सब को मिलकर आगे बढ़ाना है साथ ही जल को सुरक्षित करके उसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रभारी मंत्री ने संबोधित किया कि जल स्त्रोतों का समुचित रख रखाव हों। जल संसाधन विभाग महत्वपूर्ण जल निकायों की डिसिल्टिंग एवं सफाई के कार्य कराएं।

# भाजपा शहर मंडल संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष अभियान के अंतर्गत मोदीनगर शहर मंडल संकल्प सभा कार्यक्रम छतरी वाले मंदिर में मण्डल अध्यक्ष आकाश शर्मा नेतृत्व में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता मानसिंह गोस्वामी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, डॉ उदिता त्यागी क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा, एवं जिला उपाध्यक्ष राम कुमार त्यागी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, नवेंद्र गौड़ , वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष स्वदेश जैन, अनिला आर्य, देवेन्द्र चौधरी, विजय वाल्मीकि, राजन चौधरी, अमित तीसवार, नवीन जायसवाल , कवि प्रदीप भारद्वाज, रोहित अग्रवाल, अमितेज जैन, अनिल सैन, अमित कराटे, आशीष कश्यप, गोपाल गौतम, दीपक कर्दम, दौलत राम, निशा जायसवाल, कुसुम निगम, सौरभ शर्मा, दीपांशु मलिक, राकेश कर्दम, सागर गुप्ता एवं कार्यक्रम में मंडल के समस्त पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऋषिकेश से प्रारंभ हुई गौ राष्ट्र यात्रा का मंगलवार को मोदीनगर मे किया जाएगा भव्य स्वागत: गौरव जैन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ऋषिकेश से शुरू हुई गौ राष्ट्र यात्रा का मोदीनगर में मंगलवार को पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा ।यह जानकारी देते हुए युवा समाजसेवी एवं व्यवसायी गौरव जैन ने बताया कि रविवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश से शुरू हुई गौ राष्ट्र यात्रा मंगलवार को मोदीनगर पहुंचेगी। मोदीनगर पहुंचने पर को राष्ट्र यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के ऋषिकेश से रविवार को गौ राष्ट्र यात्रा प्रारंभ हुई है। यात्रा पाली के शिवतलाव निवासी भारत सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में निकाली जा रही। यात्रा से गाय आधारित समृद्धि, स्वराज और आत्मनिर्भर भारत की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। यात्रा को संत आशुतोष, संत गोपाल आचार्य, स्वामी केशव स्वरूप ब्रह्मचारी, महंत रवि प्रपन्नाचार्य, महंत करुणाशरण, महंत आलोक हरि, महंत कपिल मुनि, महंत राजेन्द्र दास ने रवाना किया है। यह यात्रा 61 दिनों तक चलेगी। इसमें हिंद राइज गौ संवर्धन आश्रम के संस्थापक नरेंद्र कुमार, माटी इंडिया के रोहित बिष्ट, कामधेनु गौ वेदा के संस्थापक हर्षद गुगलिया आदि सहयोग कर रहे है।

# जहांगीराबाद में खड़ी बाइक के बैग से बदमाशो ने साफ किए साढ़े 4 लाख, स्पॉट पर पहुंचे एसएसपी

वेलकम इंडिया

जहांगीराबाद( बुलंदशहर )पीएनबी की शाखा से पैसे निकालकर अपने गांव वापस लौट रहे एक किसान के साथ पहले से घात लगाए बैठे चोरों ने साढ़े 4 लाख की नगदी पर हाथ साफ कर घटना को अंजाम दे दिया। दरअसल किसान आहार बाईपास पर बाइक खड़ी कर सब्जी लेने के लिए रुका था। इसी दौरान बदमाशो ने घटना को अंजाम दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव ककरई निवासी मोहनलाल शर्मा पुत्र दीपचंद शर्मा ने बताया कि वह सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे पंजाब नेशनल बैंक की जहांगीराबाद शाखा में पैसे निकालने गए थे। साढ़े 4 लाख रुपये नगदी निकासी करने के बाद वह आहार बाईपास निकट स्थित एक सब्जी की दुकान पर रुके। नगदी बाइक के साइड में लगे बैग में किसान ने सुरक्षित रखी हुई थी। सब्जी खरीदने के दौरान ही अज्ञात चोरों ने बाइक में रखी साढ़े 4 लाख की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सब्जी लेकर जब किसान ने बैग में अमाउंट देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन फानन में कृषक ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए। सूचना पर एसएसपी दिनेश सिंह व सीओ रामकरन सिंह भी स्पॉट का जायजा लेने पहुंचे। स्थानीय पुलिस की एक टीम लगातार आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हैं। प्रभारी निरीक्षक रामफल सिंह का कहना हैं कि बहुत जल्द इस चोरी का पदार्फाश कर दिया जाएगा । घटना की सूचना मिलते ही वैसे तो स्थानीय पुलिस व क्षेत्राधिकारी मामले की छानबीन में जुटे हुए थे। लेकिन प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिले के पुलिस कप्तान दिनेश कुमार सिंह भी मोनिटरिंग के लिए पहुंच गए। एसएसपी ने शीघ्र से शीघ्र किसान के साथ हुई घटना का अनावरण करने के दिशानिर्देश दिए हैं। जिस चौराहे पर किसान के साथ वारदात को अंजाम दिया गया। वह शहर के मुख्य चौराहों में से एक हैं। लगभग हर वक़्त पुलिस की एक पिकेट वहां मौजूद रहती हैं। पुलिस पिकेट से चंद मीटर की दूरी पर ही इस वारदात को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया। फिलहाल, पुलिस जल्द पदार्फाश करने का दावा कर रही हैं।



# हर किसान परिवार को संबल और सुरक्षा, डिजिटल चेक वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत सोमवार को एक भावपूर्ण एवं सशक्त कार्यक्रम के दौरान 11 चयनित लाभार्थियों को राहत की राशि के रूप में चेक वितरित किए गए। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में डिजिटल चेक वितरण का सीधा प्रसारण मुख्यमंत्री कार्यालय से किया गया, जिसे लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने लाइव देखा। इस मौके पर मंच से चयनित 11 लाभार्थियों को 5-5 लाख रुपये एवं एक दिव्यांग लाभार्थी को 2.5 लाख रुपये की धनराशि के चेक प्रदान किए गए। यह सहायता उन परिवारों को दी गई है जिन्होंने किसी कृषि दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया या गंभीर क्षति का सामना किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ विकास की बात नहीं करती, बल्कि हर व्यक्ति खासकर किसान, गरीब और पीड़ित वर्ग को आर्थिक संबल देने के लिए नीतिगत स्तर पर ठोस योजनाएं बना रही है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि हर व्यक्ति को सक्षम, सम्पन्न और खुशहाल बनाना भाजपा सरकार का संकल्प है, वहीं विधायक मंजू सिवाच ने कहा कि यह योजना किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उपजिलाधिकारी मोदीनगर और लोनी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# कब्जा मुक्त 17 हेक्टेयर जमीन पर लगेंगे 81 हजार पौधे

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** विजयनगर क्षेत्र में वर्षों से कब्जे में पड़ी रक्षा सम्पदा विभाग की जमीन अब हरियाली की नई पहचान बनने जा रही है। शहर विधायक संजीव शर्मा की सक्रियता और जनहित के मजबूत संकल्प से न केवल असामाजिक तत्वों से जमीन को मुक्त कराया गया, बल्कि अब वहां वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान भी शुरू होने जा रहा है। इस पहल से शहर को न सिर्फ प्रदूषण से राहत मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। विधायक संजीव शर्मा ने करीब 161.5116 एकड़ रक्षा सम्पदा की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर पूरे गाजियाबाद को राहत की सांस दी थी। इनमें से 17 हेक्टेयर जमीन पर वन विभाग द्वारा जुलाई माह से पौधरोपण अभियान शुरू किया जाएगा। सोमवार को इस अभियान की रूपरेखा तय करने के लिए क्षेत्रीय वन अधिकारी गाजियाबाद रेंज नीमी कुचिया ने विधायक संजीव शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की और अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि वन विभाग इस भूमि पर कुल 81,250 पौधे लगाएगा। इसमें पीपल, नीम, शीशम, सहजन, जामुन, पिलखन जैसी प्रदूषणरोधी और औषधीय गुणों वाली प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। वहीं, नगर निगम भी कुछ हिस्सों में पौधरोपण करेगा, जिससे सामूहिक प्रयास से यह क्षेत्र एक हरित क्षेत्र में तब्दील हो सकेगा। कभी अपराधियों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का केंद्र रही यह जमीन अब पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनेगी।

# स्मैक तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे: एक करोड़ की खेप, कार बरामद

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इंदिरापुरम थाना पुलिस ने रविवार रात वसुंधरा सेक्टर-1 चौराहे पर चेकिंग के दौरान स्मैक की तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की कार से 685 ग्राम स्मैक, वजन करने वाला तराजू और 10 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये आंकी गई है। रविवार रात पुलिस टीम वसुंधरा चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान हिंडन बैराज की ओर से एक इग्निस कार आती दिखी। पुलिस को देख चालक ने कार मोड ? की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसे काबू में कर लिया। तलाशी में कार के ग्लव बॉक्स में दस्तावेजों के बीच छिपाकर रखी गई स्मैक की खेप और तराजू बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिल्ली के नंदनगरी निवासी सचिन पुत्र रामअवतार के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह नंदनगरी में रहने वाली एक महिला पिंकी से स्मैक खरीदता है और इसकी छोटी-छोटी पुडिया बनाकर 500 से 1000 रुपये में बेचता है। आरोपी ने बताया कि वह पहले एक निजी कंपनी में नौकरी करता था, लेकिन नौकरी छूटने के बाद नशे के धंधे में उतर गया। तस्करी से मिली रकम से ही उसने यह कार खरीदी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में दिल्ली पुलिस द्वारा हर्ष फायरिंग के केस में गिरफ्तार हो चुका है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और महिला तस्कर पिंकी की तलाश के लिए टीमें दिल्ली भेजी गई हैं।

# सरेराह पत्नी की बाल पकड़कर बेरहमी से पिटाई, पति की हैवानियत का वीडियो वायरल

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की भूपेंद्रपुरी कॉलोनी उस समय दहल उठी जब सिंचाई विभाग में तैनात एक जेई (जूनियर इंजीनियर) ने रविवार को सरेराह अपनी पत्नी को बाल पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। पत्नी चीखती रही, सड़क पर गिड़गिड़ाती रही, लेकिन जेई का दिल नहीं पसीजा। आरोपी पति की बर्बरता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे लोगों में गहरा आक्रोश है। पीड़िता ने सोमवार को मोदीनगर थाने पहुंचकर पति के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। भूपेंद्रपुरी कॉलोनी निवासी पीड़िता का पति से लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों के बीच कोर्ट में मुकदमा भी विचाराधीन है। महिला दो छोटे बच्चों के साथ अलग रहकर घर-घर काम कर जैसे-तैसे अपना गुजारा कर रही है। आरोप है कि जिस मकान में वह रह रही है, उस पर पति ने ताला जड़ दिया। जब महिला रविवार को चाबी लेने गई, तो जेई पति ने एक दुकान के सामने ही बाल पकड़कर उसकी सरेआम पिटाई शुरू कर दी। महिला को इतनी बुरी तरह मारा गया कि वह सड़क पर ही बेहोश हो गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह महिला को बचाया। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में आरोपी पति की हैवानियत साफ दिखाई दे रही है। घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उसकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठ रही है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। महिला की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# न्याय को तरसी ममता, दो बच्चों के साथ दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर

**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र के बलवंतपुरा कॉलोनी में रहने वाली ममता की जिंदगी एक दर्दनाक संघर्ष की कहानी बन चुकी है। पांच महीने पहले पति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद ममता ने इंसाफ की उम्मीद में पुलिस थाने और चौकी के दर्जनों चक्कर काटे, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। ममता ने बताया कि उनके पति करण कुमार मजदूरी करते थे और कुछ परिचितों को पैसे उधार दिए थे। पति की मृत्यु के बाद जब ममता ने वह रकम वापस मांगी तो आरोपी पैसे लौटाने से साफ इनकार कर गए। पुलिस में शिकायत करने पर ममता को थाने से चौकी और चौकी से थाने के बीच भटकाया जा रहा है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। ममता इस समय अपने दो छोटे बच्चों के साथ किराए के कमरे में रह रही हैं। पैसों की कमी के चलते मकान मालिक ने किराया न मिलने पर उन्हें कमरा खाली करने की चेतावनी दे दी है। सोमवार को एक बार फिर ममता अपने बच्चों को साथ लेकर मोदीनगर थाने पहुंचीं, लेकिन केवल जांच का भरोसा ही मिला। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा।

# पार्षदों ने निगम कार्यालय पहुंचकर आयुक्त से मुलाकात की, जनहित कार्यों की सराहना

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** नगर निगम की 184 करोड़ रुपये की लागत से चल रही जनहितकारी परियोजनाएं अब तेजी से मूर्त रूप ले रही हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में विकास की रफ्तार को देखते हुए सोमवार को शहर के पार्षदों और पूर्व पार्षदों ने निगम कार्यालय पहुंचकर आयुक्त से मुलाकात की और उन्हें इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर बधाई दी। इस दौरान पार्षदों ने विशेष रूप से सीनियर सिटीजन केयर सेंटर (2.33 करोड़), बायोडायवर्सिटी पार्क (13 करोड़), महिला हॉस्टल (24 करोड़), आईटीएमएस प्रोजेक्ट (85 करोड़), सीएम ग्रिड (36 करोड़), जोनल कार्यालय विजयनगर (6.96 करोड़), 350 कैमरे लगाने की योजना (2.45 करोड़) और मोहन नगर जोनल ऑफिस (13 करोड़) जैसे प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए कहा कि ये योजनाएं गाजियाबाद शहर की तस्वीर बदलने वाली हैं। पार्षदों व पूर्व पार्षदों ने निगम की आय बढ़ाने के लिए भी सुझाव दिए, जिसमें नगर निगम की दुकानों का किराया संग्रहण, सामुदायिक केंद्रों से होने वाली आय, और लाइसेंस मदों से प्राप्त होने वाली आय में पारदर्शिता व कुशलता लाने की आवश्यकता जताई।

इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आय बढ़ाने के सभी स्रोतों की समीक्षा करते हुए एक सप्ताह में ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। बैठक में नगर निगम की सफाई व्यवस्था की भी चर्चा हुई, जिसमें डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों की निगरानी, सफाई मित्रों की बढ़ती उपस्थिति और 311 ऐप के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान की प्रशंसा की गई। मानसून पूर्व नालों की सफाई व सिल्ट उठान को लेकर भी मांग की गई, जिस पर आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व पार्षद प्रवीण भाटी, विकास, पप्पू पहलवान, पार्षद राहुल शर्मा, यशपाल पहलवान, संजय सिंह, गोपाल समेत कई जनप्रतिनिधि धन सिंह, धर्मेंद्र नागर, सुरेंद्र नागर, अनिल कल्याणी व आशीष चौधरी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जनहित में नगर निगम का सहयोग लगातार जारी रहेगा।

# 19.5 लाख में मकान दिलाकर दोबारा बेच दिया, चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ बड़ा प्रॉपर्टी फ्रॉड सामने आया है। महिला शहनाज ने आरोप लगाया है कि उसे एक मकान 19.5 लाख रुपये में बेचा गया, लेकिन बाद में उसी मकान को दूसरे व्यक्ति को भी बैनामा के जरिए बेच दिया गया। जब उसने विरोध किया तो उसे धमकाया गया और जबरन मकान से निकालने की कोशिश की गई। शहनाज और उसके पति नौशाद को कैला भ्‌ा निवासी फिरोज नाम के व्यक्ति ने मकान दिखाया। फिरोज ने दावा किया कि मकान मोहम्मद इकराम का है और वह उसका जानकार है। इकराम ने बताया कि उसने मकान सराय नजर अली निवासी सलीम से खरीदा है, लेकिन यह मकान फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखा हुआ है। शहनाज और उसके पति ने 26 सितंबर 2024 को 19 लाख 50 हजार रुपये देकर फाइनेंस कंपनी का सारा लोन चुकाया और मकान का असली बैनामा अपने पास रख लिया। तभी से वह परिवार उसी मकान में रह रहा है। लेकिन 18 मार्च को अजीत कुमार और उनकी पत्नी प्रियंका कुमारी शहनाज के घर पहुंचे और दावा किया कि यही मकान उन्होंने भी इकराम से खरीदा है।

# तीन बाइक सवारों ने मुनीम की आंखों में मिर्ची झोंकी, 8.15 लाख लेकर फरार

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** शहर की कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए कवि नगर थाना क्षेत्र में तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े ?8 लाख 15 हजार रुपये की लूट को अंजाम दिया। घटना नेहरू नगर फ्लाईओवर के नीचे उस समय हुई जब अजंता कोल्ड स्टोरेज, लालकुआं में कार्यरत मुनीम अमित कुमार स्कूटी से बैंक जा रहे थे।

जैसे ही वे फ्लाईओवर के नीचे पहुंचे, पीछे से आई बाइक पर सवार बदमाशों ने अचानक उन्हें घेर लिया और उनकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया। आंखें जलने और असहाय स्थिति में पहुंचने से पहले ही बदमाशों ने पैसों से भरा बैग छीना और मौके से फरार हो गए। प्रथम दृष्टया पुलिस को शक है कि मुनीम की गतिविधियों पर पहले से निगरानी रखी जा रही थी और लूट को पूर्व नियोजित योजना के तहत अंजाम दिया गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की स्नढ्डक्र दर्ज कर ली है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी गई है। इस दुस्साहसिक वारदात ने गाजियाबाद की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

# पैसों और प्रलोभनों से धर्मांतरण कराने का आरोप, फंडिंग की जांच शुरू

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिले में धर्मांतरण के एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों—विनोद कुंजूमोन निवासी राजेंद्र नगर, साहिबाबाद और प्रेमचंद निवासी बहरामपुर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया है कि मुख्य आरोपी विनोद पिछले 28 वर्षों से ईसाई धर्म का प्रचार कर रहा था और उसने प्रेमचंद को भी अपने साथ जोड़ लिया था। पुलिस का दावा है कि प्रेमचंद को इसके बदले में पैसे भी दिए जा रहे थे, जिससे वह धर्म परिवर्तन की गतिविधियों में शामिल रहा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह मामला 16 जून को उस समय सामने आया जब राहुल विहार कॉलोनी में धर्मांतरण की गतिविधियों की शिकायत मिली। शिकायतकर्ता प्रबल गुप्ता ने आरोप लगाया था कि प्रेमचंद अपने घर में लोगों को ईसाई धर्म के बारे में जानकारी दे रहा है, धार्मिक किताबें बांट रहा है, और मकान, शादी व अन्य सुविधाओं का लालच देकर धर्म बदलने का दबाव बना रहा है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान यह भी पता चला है कि यह धर्मांतरण केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं बल्कि एक संगठित नेटवर्क के तहत हो रहा था, जिसकी फंडिंग कहां से हो रही थी, इस पर पुलिस जांच कर रही है। एसीपी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि इस मामले में कई गंभीर पहलुओं की जांच की जा रही है, जिसमें यह भी शामिल है कि आरोपी को कहां-कहां से आर्थिक सहायता मिल रही थी और उनके संपर्क किस स्तर तक फैले हुए थे। पुलिस का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां समाज में वैमनस्य फैलाने वाली हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विरोध पर कपड़े फाड़े और सिर पर किया हमला

**गाजियाबाद।** शहर की पॉश कॉलोनियों में शामिल दुहाई क्षेत्र की एक सोसाइटी में उस वक्त सनसनी फैल गई जब दिनदहाड़े एक महिला के साथ अश्लील हरकत करते हुए उसे बेरहमी से पीटने और कपड़े फाडे का मामला सामने आया। यह शर्मनाक घटना मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में 12 जून की शाम की है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस कार्रवाई कर रही है। पीड़िता के अनुसार वह शाम करीब छह बजे अपनी मां के लिए खाना लेकर जा रही थीं, तभी उनके घर के सामने पड़ोसी निशा रावत के भाई और किशन सिंह रावत के साले ने पहले सिर पर जोरदार हमला किया और फिर गले पर झपटकर जबरन अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। विरोध करने पर दरिंदा यहीं नहीं रुका उसने महिला के कपड़े तक फाड़ डाले।

# किशोरी की संदिग्ध मौत पर पुलिस ने रोका अंतिम संस्कार; पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** विजयनगर इलाके में एक 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजन जब शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले गए, तभी अचानक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और अंतिम संस्कार को रोकते हुए शव को कब्जे में ले लिया। किशोरी के गले पर संदिग्ध निशान मिलने के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक किशोरी विजयनगर निवासी एक कामगार की बेटी थी। उनकी पहली शादी मेरठ में हुई थी, जिससे एक बेटा है और दूसरी शादी विजयनगर में की थी, जिससे यह किशोरी थी। वह एक स्कूल में पढ़ाई कर रही थी। सोमवार को उसकी अचानक मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार शुरू कर दिया। लेकिन इसी बीच किशोरी के सौतेले भाई ने डायल 112 पर कॉल कर हत्या की आशंका जताई। सूचना मिलते ही पुलिस श्मशान घाट पहुंची और अंतिम संस्कार को रुकवाया। मौके पर जब जांच की गई तो शव के गले पर काले निशान पाए गए, जिससे यह प्रतीत होता है कि उसकी मौत गला दबाने से हो सकती है। पुलिस ने शव की वीडियोग्राफी कराई और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या जैसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन गले के निशान और सौतेले भाई की सूचना के चलते हत्या की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। इस मामले ने न सिर्फ परिवार में तनाव बढ़ा दिया है, बल्कि क्षेत्र में भी चचाओं का दौर शुरू हो गया है।

# ई-रिक्शा चालक को जाम हटाने पर तीन लोगों ने किया जानलेवा हमला

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक ई-रिक्शा लोडर चालक के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी गईं। पीएसी चौक के पास जाम हटवाने की कोशिश कर रहे चालक को तीन दबंगों ने सरेआम गालियां दीं और फिर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट डाला। हमले में चालक की पसलियों में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 13 जून की दोपहर करीब ढाई बजे की है, जब कल्लूगढ़ी डासना निवासी आजाद जस्सीपुरा में माल लोड करने पहुंचे थे। पीएसी चौक से पहले भारी जाम लगा हुआ था, जिसे देखकर आजाद खुद आगे बढ़कर ट्रैफिक क्लियर करवाने लगे।